हरिभूमि
रायपुर भूमि



# जुलाई का पहला सप्ताह बीता, खारुन में नेचुरल फ्लो नहीं, अब भी गंगरेल के भरोसे

## मौसम के बदलते सिस्टम ने पखवाड़ेभर के पानी कोटे पर मारी डंडी

## गंगरेल डेम से शहर की प्यास बुझाने रोज ले रहे 250 क्यूसेक रॉवाटर

*हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर*

*मौसम के बदलते सिस्टम ने नदी, नाले के प्राकृतिक बहाव पर असर डाला है। पहले जून से लेकर सितबंर तक शहरवासियों के लिए खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से भरपूर पानी छलछलाने की नौबत आती थी, फिर कुदरत की यह नेमत 4 माह से घटकर 3 माह में सिमट कर रह गई। यानी जून से अगस्त तक प्राकृतिक बहाव से मिलने वाला पानी काम आता, पर अबकि बार मौसम के बनते बिगड़ते तेवर ने शहरवासियों के पखवाड़ेभर के पानी के कोटे पर डंडी मार दी है। जल विभाग के अधिकारियों का कहना है, 15 जुलाई तक यह कमी पूरी हो सकती है, पर अभी भी गंगरेल डेम से नगर निगम शहरवासियों की प्यास बुझाने प्रतिदिन 250 क्यूसेक पानी खरीद रहा है।*

*राजधानी की लाइफ लाइन मानी जाने वाली खारुन नदी में इस बार जुलाई का प्रथम सप्ताह बीतने के बाद प्राकृतिक स्त्रोतों से पानी पहुंचने की* ▸▸ शेष पेज 13 पर



### 3 से 4 माह तक प्राकृतिक स्त्रोत का पानी

नगर निगम के जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेन्द्र के मुताबिक छत्तीसगढ़ में मानसूनी सीजन में पहले जून से सितंबर तक नगर निगम को शहरवासियों के लिए खारुन नदी से प्राकृतिक स्त्रोतों का भरपूर पानी मिलता था। इसी कारण सिंचाई विभाग से गंगरेल का पानी खरीदने केवल 8 माह के पानी की जरूरत के हिसाब से एग्रीमेंट किया करते थे और 4 माह मुफ्त में प्राकृतिक स्त्रोतों से रॉ वाटर की आपूर्ति खारुन नदी के माध्यम से होती थी। फिर यह अवधि घटकर 3 माह हो गई। इस बार प्राकृतिक बहाव से मिलने वाला पानी का कोटा ढाई माह में सिमटने के आसार हैं।

## खबर संक्षेप

### जेल से छूटने के बाद ईओडब्लू को चकमा देकर फरार



**रायपुर।** कोयला लेवी मामले में जेल से रिहा होने के बाद भिलाई का कारोबारी दीपेश टांक फरार हो गया। सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद वह जेल से छूटा था, जिसके बाद ईओडब्ल्यू की टीम दीपेश को गिरफ्तार करने पहुंची थी। इसकी भनक लगते ही वह टीम को चकमा देकर फरार हो गया।

### डांस करने की बात पर मारपीट, दो पर केस

**रायपुर।** मारपीट मामले में विधानसभा पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी मृगेंद्र सिंह निवासी सिविल लाइंस ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जुलाई को रात करीब पौने दस बजे सिमर्स क्लब आमासिवनी के पास नवाज कुरैशी व उसके साथी ने डांस करने की बात पर पहले उसके साथ विवाद किया। इसके बाद दोनों ने एक राय होकर उसके साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देकर हाथ-मुक्का से मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध धारा 296, 115-2, 351-3, 191-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ब्यूटी पार्लर में धावा 63 हजार की चोरी

**रायपुर।** शहर के शांति नगर इलाके में एक ब्यूटी पार्लर में चोरी हो गई।



घटना की रिपोर्ट प्रार्थिया अफसाना सैफी ने सिविल लाइंस थाने में दर्ज कराई है। घटना 8 जुलाई की दरमियानी रात की है। अज्ञात आरोपी पार्लर की खिड़की के रास्ते अंदर प्रवेश किया और गल्ले में रखे नकदी 28 हजार 7 सौ रुपए के अलावा कैमरे का डीवीआर, एसी के 2 आउटडोर यूनिट चोरी कर ले गया। पुलिस ने मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने बाइक सवार को ठोकर मारकर घायल करने के मामले में ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 9 जुलाई की रात करीब साढ़े 9 बजे शेरे पंजाब ढाबा खमतराई के पास की है। प्रार्थी भगवाराम यादव निवासी निमोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी बाइक से घर लौट रहा था, तभी ट्रक चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में ट्रक चालक के विरुद्ध धारा 281, 125ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### विवाद के बाद डंडे से किया हमला, केस दर्ज

**रायपुर।** डीडीनगर पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ डंडे से मारपीट करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है।



घटना 8 जुलाई की रात 9 बजे संकल्प अस्पताल सरोना के पास की है। प्रार्थी पूरनलाल साहू निवासी चिरोदा भिलाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनीष पांडे ने उसके साथ विवाद करते हुए डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है।

## 30 से अधिक संचालकों ने जमा कराई राशि

# पैसा जमा फिर भी राशन दुकानों से एपीएल का चावल गायब, मायूस लौट रहे कार्डधारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बीपीएल कोटे का एपीएल कार्ड धारकों को चावल बांटने के मामले में खाद्य विभाग ने 39 राशन दुकान संचालकों को एपीएल धारकों को बेचे गए चावल की राशि जमा कराने के लिए नोटिस जारी किया था, जिसके बाद करीब 30 से अधिक संचालकों ने राशि जमा भी करा दी है, लेकिन इनकी दुकानों में अब तक जुलाई का एपीएल कोटे का चावल पहुंचा नहीं है। इसके कारण अब एपीएल हितग्राहियों को दुकानों से खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम (नान) से ही चावल की सप्लाई रोक दी गई है। सप्लाई क्यों रोकी गई है, इसका कारण विभाग के अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। हालांकि सूत्रों का कहना है कि संचालकों ने जो राशि ऑनलाइन ट्रांसफर की है, वह नान के खाते में शो नहीं कर रही है।





### शिविर में व्यस्त हूं कुछ नहीं बता पाऊंगी

मैं अभी शिविर में व्यस्त हूं। राशन दुकानों को एपीएल चावल की सप्लाई क्यों नहीं हो रही है, इस मामले में कुछ भी बता नहीं पाऊंगी।

- हेलेना तिग्गा, डीएम, नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर

### शक्कर-नमक की सप्लाई भी अटकी

शहर की कई राशन दुकानों में चावल के साथ शक्कर और नमक की सप्लाई भी नहीं हो पाई है। खाद्य विभाग और नान ने संयुक्त रूप से राशन दुकानदारों के लिए एक वाट्सएप ग्रुप बनाया है। इस ग्रुप के माध्यम से दुकानदार अपनी-अपनी दुकान में चावल, शक्कर व नमक खत्म होने से पहले डिमांड सूचना भेजते हैं। इस सूचना पर नान संबंधित दुकानों को आबंटित चावल, शक्कर व नमक की सप्लाई करता है ▸▸ शेष पेज 13 पर

### नई दुकानों में एपीएल चावल नहीं

हर की जनता को राशन दुकानों में खाद्यान्न मिलने में होने वाली असुविधा से बचाने के लिए 98 नई दुकानें खोली है। इनमें से ज्यादातर दुकानों के ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल के साथ शक्कर और नमक भी नील दिखा रहा है। इसके कारण नई दुकानों के खुलने के बावजूद लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।



### आबंटन बढ़ाने पर विचार कर रहा शासन

राशन दुकानों में एपीएल कोटे का चावल कम के कारण बिगड़ी व्यवस्था को ठीक करने के लिए जिला खाद्य विभाग ने एपीएल कोटे का चावल बढ़ाने के लिए मुख्यालय को प्रस्ताव भेजा हुआ है। इस प्रस्ताव पर जल्द ही निर्णय लिए जाने की कवायद चल रही है। जिला अधिकारियों की मानें तो जल्द ही एपीएल कोटे के आबंटन में बढ़ोतरी का आदेश जारी हो सकता है।

### कम आबंटन से बिगड़ी व्यवस्था

शहर में नई दुकानों के खुलने के बाद राशन कार्डों का भी विभाजन किया गया है। इस तरह प्रत्येक नई राशन दुकान में 5 से 6 सौ एवं पुरानी दुकानों में 6 सौ से लेकर एक हजार तक कार्ड पंजीकृत है। विभाग ने कार्डों का विभाजन करने के साथ पुरानी राशन दुकानों का एपीएल और बीपीएल कोटे का चावल से लेकर शक्कर और नमक का आबंटन भी कर दिया है, जबकि वन नेशन वन कार्ड योजना के तहत कोई भी कार्डधारी किसी भी दुकान से राशन ले सकता है। इस नियम के तहत नई से ज्यादा पुरानी दुकानों में ही हितग्राही राशन लेने पहुंच रहे हैं, जिसके कारण एपीएल कोटे का चावल दुकानदारों को बांटने में कम पड़ रहा है। राशन दुकानों में बिगड़ी व्यवस्था यह भी एक कारण है।

### दो माह का एक साथ चावल बांटने के चक्कर में गलती कर बैठे दुकानदार

शासन के निर्देश पर अप्रैल और मई का चावल एक साथ हितग्राहियों को वितरण किया गया था। इस दौरान जिले की कई राशन दुकानों से एपीएल कोटे के चावल की सप्लाई काफी धीमी गति से की जा रही थी। इससे कई राशन दुकानदारों ने बीपीएल कोटे का चावल ही एपीएल धारकों को बांट दिया था। इस वजह से दुकानों के ऑनलाइन सिस्टम में एपीएल कोटे का चावल माइनस दिखाने लगा था, जिसके कारण जून में भी करीब 20 प्रतिशत एपीएल धारकों को चावल नहीं मिल पाया। इधर विभाग के नोटिस के बाद ज्यादातर दुकानदार एपीएल धारकों को बेचे गए चावल की राशि नान के खाते में ऑनलाइन ट्रांसफर कर चुके हैं, लेकिन अब तक इन राशन दुकानों को नान से चावल की सप्लाई नहीं की गई है।

## दिनभर उमस ने किया हलाकान

# शाम होते ही झमाझम बारिश लेकर आई राहत



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

दिनभर उमसभरी गर्मी से परेशान लोगों को शाम के बाद हुई बारिश ने राहत दिलाई। शहरी इलाके में घंटेभर तक झमाझम बारिश हुई, वहीं कई इलाकों में इसका असर मध्यम रहा है। तेज वर्षा की वजह से मौसम में ठंडकता आई गई। राज्य में 13 जुलाई के बाद व्यापक बारिश होने के आसार बन रहे हैं।

- तैयार हो रहा नया सिस्टम, 13 के बाद व्यापक वर्षा के आसार

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी मानसून द्रोणिका राजनांदगांव तक खिसक गई है। इसके दक्षिण-पूर्व में हिस्से में होने की वजह से बस्तर में वर्षा के आसार बने हुए हैं। इसके बाद तैयार होने वाले सिस्टम के प्रभाव से चार दिन बाद प्रदेश के विभिन्न इलाकों में अच्छी बारिश होने की संभावना है। शहर में बारिश की गतिविधि कम होने की वजह से मंगलवार को दिन का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार हो गया था। वातावरण में मौजूद नमी और धूप-छांव की वजह से उमसभरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही थी। शाम होने के बाद मौसम में बदलाव हुआ और यहां विभिन्न हिस्सों में आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। सिस्टम खंड वर्षा जैसा था, इसलिए इसका असर कहीं कम तो कहीं ज्यादा था। शहर में काफी देर तक बादल बरसते रहे, मगर ▸▸ शेष पेज 13 पर

### बस्तर में ज्यादा असर

मानसून की वजह से होने वाली बारिश का प्रभाव अभी बस्तर इलाके में अधिक दिखाई पड़ रहा है। पिछले चौबीस घंटे में ओरछा में 6, बास्तानार, गीदम में 5, नरहरपुर, नगरी में 4, गादीरास, चारामा, बचेली, पंखाजूर, नारायणपुर में 3 तथा अन्य इलाके में दो से लेकर एक सेमी. तक बारिश हुई है। शाम होने के बाद बारिश का प्रभाव रायपुर समेत आसपास के क्षेत्रों तक ही सीमित रहा।

### बेमेतरा, सरगुजा में दिक्कत

मौसम विभाग के मुताबिक राज्य कई जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई मगर हमेशा की तरह इस बार भी ज्यादा दिक्कत बेमेतरा और सरगुजा जिले में दिखाई पड़ रहा है। दोनों जिलों में सामान्य से साठ प्रतिशत कम बारिश हुई है। विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में बेमेतरा जिले से कमी दूर हो जाएगी मगर सरगुजा जिले बारिश का प्रभाव देर से दिखाई देगा।

# बलौदाबाजार कांडः विधायक देवेंद्र पुलिस के नोटिस पर नहीं पहुंचे नेताओं के साथ गए पीएचक्यू



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

बलौदाबाजार कांड के सिलसिले में पुलिस ने भिलाई के कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को नोटिस देकर हाजिर होने कहा था, लेकिन वे वहां नहीं गए। दूसरी ओर देवेंद्र यादव मंगलवार को कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ पुलिस मुख्यालय में जाकर डीजीपी अशोक जुनेजा से मिले। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने शिकायत की है कि बलौदाबाजार मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को गलत तरीके से फंसाया और प्रताड़ित किया जा रहा है। इस संबंध में डीजीपी को ज्ञापन सौंपा गया है। बलौदाबाजार में पिछले दिनों सतनामी समाज के प्रदर्शन के दौरान हिंसा भड़की थी। उग्र भीड़ ने वहां कलेक्टर, एसपी का कार्यालय ▸▸ शेष पेज 13 पर

- डीजीपी से मिले कांग्रेस नेता

### ज्ञापन में कही ये बात

*पुलिस मुख्यालय में डीजीपी को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि विगत दिनों बलौदाबाजार जिले में सतनामी समाज ही नहीं, पूरे छत्तीसगढ़ के मानव समाज के आस्था के प्रतीक जैतखांब का आपराधिक तत्वों द्वारा की गयी तोड़-फोड़ के विरोध में शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे सतनामी समाज के बीच षडयंत्रपूर्वक कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा घुसकर प्रशासनिक कार्यालयों में आगजनी व तोड़-फोड़ की गई है।*

### कांग्रेसियों पर कार्रवाई

*कांग्रेस का कहना है कि स्थानीय पुलिस प्रशासन अपनी लापरवाही व अपने सूचनातंत्र की विफलता को छुपाने के लिए निर्दोष लोगों को गिरफ्तार कर रहा है। साथ ही, विपक्षी राजनैतिक दलों के साथ बदले की भावना के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ति किया जा रहा है। इसी कड़ी में बलौदाबाजार जिले के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा को निर्दोष होने के बाद भी* ▸▸ शेष पेज 13 पर

### कांग्रेस नेता पहुंचे पुलिस मुख्यालय

*पुलिस मुख्यालय गए कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल में वरिष्ठ कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यनारायण शर्मा, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम, विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व अध्यक्ष खादी ग्रामोद्योग राजेन्द्र तिवारी, वार रूम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, महामंत्री सुबोध हरितवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, बलौदाबाजार जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर, सद्दाम सोलंकी शामिल थे।*

# आवारा मवेशियों की धरपकड़ शुरू एक दिन में डेढ़ दर्जन मवेशी पकड़े

- मार्बल लाइन क्षेत्र, मैग्नेटो मॉल के पास और विधायक कालोनी मार्ग पहुंचा काऊकेचर दस्ता
- अलग-अलग जोन की टीम ने चलाया अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नगर निगम का अमला अब शहर के व्यस्ततम मार्ग, बाजार क्षेत्र और आउटर के इलाकों में सड़क यातायात बाधित कर रहे मवेशियों को पकड़ने जुट गया है। मंगलवार को एक दिन में डेढ़ दर्जन आवारा मवेशियों को काऊकेचर दस्ते ने पकड़कर गोठान भिजवाया। इसमें मार्बल लाइन एरिया में 6 मवेशी, मैग्नेटो मॉल के पास 8 और विधायक कालोनी मार्ग पर 3 मवेशियों की धरपकड़ की गई।

निगम क्षेत्र की सड़कों को मवेशियों के झुंड से मुक्त करने नगर निगम के अलग-अलग जोन में काऊकेचर दस्ता आवारा मवेशियों की धरपकड़ के लिए निकलने लगा है। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में प्रतिदिन सुबह 6 बजे से काऊकेचर टीम को एक्टिव रखने निर्देशित किया है। इसी सिलसिले में शहर की सड़कों पर खुले में मंडरा रहे मवेशियों को पकड़ने टीम निकली। जोन 6 की काऊकेचर टीम ने शहीद पंकज विक्रम वार्ड के मार्बल लाइन एरिया में सड़क यातायात बाधित कर रहे 6 मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भिजवाया। इसी तरह नगर निगम जोन 9 की टीम ने मैग्नेटो मॉल के पास मुख्य मार्ग पर 8 आवारा मवेशियों की धरपकड़ की। अमलीडीह ▸▸ शेष पेज 13 पर

निजी स्कूल की शिकायत पर पुलिस ने तीनों नेताओं के विरुद्ध दर्ज की थी एफआईआर

# कांग्रेस प्रवक्ता विकास सहित हेमंत व कुणाल भेजे गए जेल









हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के एक निजी स्कूल में जबरदस्ती प्रवेश कर स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी तथा स्टॉफ से गाली-गलौज करने मामले में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता विकास तिवारी, एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल और प्रदेश सचिव कुणाल दुबे को 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस मामले में पुलिस ने हेमंत और कुणाल को उनके घर से गिरफ्तार किया है, वहीं विकास ने गिरफ्तारी के बाद कोर्ट में जाकर सरेंडर किया। पुलिस ने तीनों नेताओं की 14 दिन की न्यायिक रिमांड मांगी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए उन्हें जेल भेज दिया है। इधर बताया जा रहा है कि तीनों नेताओं ने अपनी जमानत के लिए अर्जी लगा दी है, जिस पर ▸▸ शेष पेज 13 पर

- स्कूल में जबरदस्ती प्रवेश कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी तथा स्टॉफ से गाली-गलौज करने का आरोप

### 14 दिन की न्यायिक रिमांड को मंजूरी

अरेस्ट के बाद तीनों नेताओं को कोर्ट में पेश कर 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड मांगा गया था, जिसे मंजूरी मिल गई है।

- **राजेश देवांगन**, सीएसपी, राजेंद्र नगर

### कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रबंधन की शिकायत पर गिरफ्तारी

कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रबंधन ने 8 जून को तीनों नेताओं के विरुद्ध थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके नेतृत्व में एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने उनके स्कूल में 6 जून को जबरन प्रवेश कर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की थी। इन दौरान नेताओं ने स्कूल स्टॉफ के साथ गाली-गलौज भी की थी। इस शिकायत पर पुलिस ने तीनों नेताओं के विरुद्ध धारा 452, 294, 34 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि एफआईआर के बाद मामले की जांच की जा रही थी। जांच में इन नेताओं के विरुद्ध लगाए गए आरोप सही मिले, जिसके बाद गिरफ्तार करने के लिए उनकी तलाश की जा रही थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दो दिन से तीनों नेताओ को तलाश किया जा रहा था। इनमें कुणाल दुबे और हेमंत पाल को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के अनुसार पुलिस ▸▸ शेष पेज 13 पर

# 60 पौवा देशी शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मंदिर हसौद पुलिस ने आबकारी एक्ट के मामले में एक शराब कोचिया के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस को मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दोपहिया वाहन में शराब लेकर मंदिर हसौद से ग्राम छतौना की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने छतौना चौक के पास नाकाबंदी कर वाहन चालक को पकड़ा। वाहन की डिक्की से 60 पौवा देसी शराब बरामद की गई, जिसकी कीमत 6 हजार 4 सौ रुपए है। पुलिस ने वाहन चालक भोजराज चंद्राकर निवासी सिवनी मंदिर हसौद को गिरफ्तार किया है।





पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मौसमी बीमारी से निपटने सरकारी व निजी अस्पताल भी रहेंगे हाई अलर्ट पर

**रायपुर।** मौसमी बीमारी से निपटने के लिए सरकारी अस्पतालों के साथ निजी अस्पतालों को भी हाई अलर्ट पर रखने की हिदायत दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अफसरों को निर्देशित किया है कि अस्पतालों में दवा सहित अन्य संसाधनों की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। राज्य में मौसमी बीमारियों की रोकथाम और उचित इलाज के संबंध में स्वास्थ्य मंत्री ने महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और प्रभावी कदम उठाए जा सकें। आपात स्थितियों में बेहतर और त्वरित उपचार प्रदान करने के लिए अस्पतालों में सभी आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं, साथ ही कहा है कि मरीजों को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। श्री जायसवाल ने सभी अस्पतालों में साफ-सफाई और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए हैं, ताकि संक्रमण फैलने की संभावना को कम किया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई एवं अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए गए।

### कल्चुरी के निधन पर मोदी ने जताया शोक

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के जीजा रायपुर निवासी महेंद्र कल्चुरी के निधन पर शोक जताया है। डॉ. रमन को भेजे गए शोक संदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि आपके जीजा महेंद्र कल्चुरी जी के निधन का दुखद समाचार प्राप्त हुआ। इस कठिन घड़ी में मेरी संवेदनाएं बहन इला कल्चुरी जी समेत पूरे परिवार के साथ हैं। महेंद्र कल्चुरी जी परिवार के लिए एक सशक्त आधार और प्रेरणास्रोत थे, उनके निधन से परिवारजनों के जीवन में आई रिक्तता की पीड़ा को शब्दों में व्यक्त कर पाना कठिन है। अज वह सशरीर आप लोगों के साथ नहीं हैं, पर उनकी स्मृतियां और जीवन मूल्य धरोहर के रूप में सदैव साथ रहेंगी।

### चंद्राकर को मंत्री बनाने की उठी मांग

**रायपुर।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा ने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री बनाए जाने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया है। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा ने बताया कि महासभा द्वारा श्री चंद्राकर को मंत्री बनाए जाने की मांग संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया है। साथ ही प्रदेश कद्दावर भाजपा नेता एवं विधायक अजय चंद्राकर को मंत्री बनाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की गई है। श्री वर्मा ने कहा कि अजय चंद्राकर भाजपा के वरिष्ठ नेता है और प्रदेश के तेजतर्रार नेताओं में से एक हैं।

### अटलनगर में एक पेड़ मां के नाम अभियान कल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में 11 जुलाई को अटल नगर नवा रायपुर स्थित जैव विविधता पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन संध्या 4 बजे से होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित समस्त अतिथियों द्वारा पौधे रोपे जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा एवं मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अभनपुर इंद्र कुमार साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य वन सचिव ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वनबल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, वनप्रबंधन समिति के सदस्यों, छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी अपनी मां के नाम वृक्षारोपण किया जाएगा।

# आयुष्मान का आकर्षण... 553 अस्पताल पंजीकृत, 150 से ज्यादा अनुमति के इंतजार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

निजी अस्पतालों में आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के प्रति जबरदस्त आकर्षण है। सभी सरकारी अस्पतालों के साथ राज्य के 553 निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के लिए पंजीकृत हैं और डेढ़ सौ से ज्यादा इंपैनल्ड सूची में शामिल होने का इंतजार कर रहे हैं। नए अस्पतालों को योजना में पंजीकृत करने के लिए जिला स्तर पर निर्धारित मापदंडों को पूरा कराया जा रहा है।

राज्य में आयुष्मान योजना के तहत राशनकार्ड के आधार पर लोगों को पचास हजार से पांच लाख तक निशुल्क उपचार की सुविधा पंजीकृत अस्पतालों के माध्यम से प्रदान की जाती है। योजना के तहत डेढ़ हजार बीमारियों के उपचार की सुविधा है और प्रदेश में राशनकार्ड के आधार पर इसके 2.70 करोड़ हितग्राही हैं।

सूत्रों का कहना है कि महंगे उपचार के इस दौर में आयुष्मान मरीजों के लिए काफी मददगार साबित होता है, इसलिए पंजीकृत अस्पतालों के 80 से 90 प्रतिशत मरीज इस योजना से संबंधित होते हैं। भुगतान की राशि लंबित होने की शिकायतों के बाद भी ज्यादातर निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का उपचार करने के इच्छुक हैं। वर्तमान में राज्य के डेढ़ सौ से अधिक निजी अस्पताल इस योजना के तहत मरीजों का उपचार करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से अनुमति मिलने का इंतजार कर रहे हैं।

## डेढ़ हजार बीमारियों का इलाज, 2.70 करोड़ आयुष्मान के हितग्राही

### कई के खिलाफ हो चुकी कार्रवाई

वर्तमान सूची में जो निजी अस्पताल शामिल हैं, उनके खिलाफ योजना में पंजीकृत मरीजों से अतिरिक्त पैसे लेने और पैकेज में गड़बड़ी साबित हो चुकी है। इन दागदार अस्पतालों के खिलाफ स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा जुर्माना के साथ योजना से निलंबन की कार्रवाई भी हो चुकी है। ऐसे अस्पतालों की संख्या दर्जनभर से अधिक है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY

### एक्सटेंशन आधार पर चल रहा काम

सूत्रों के अनुसार इस योजना के तहत अस्पतालों में योजना के मरीजों के उपचार की निगरानी का काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जाता है। दोनों एजेंसियों का कार्यकाल काफी समय पहले पूरा हो चुका है और दो बार एक्सटेंशन के आधार पर काम पूरा किया जा रहा है। संबंधित एजेंसियों को इसके लिए डाक्टर उपलब्ध कराना होता है।

### 4.73 लाख मरीज का उपचार

सूत्रों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत 15 लाख 65 हजार मरीजों का उपचार किया गया था। इसमें 4.73 लाख मरीजों का इलाज राज्य के पंजीकृत अस्पतालों में किया गया था। सरकारी अस्पतालों में 10.92 लाख हितग्राहियों को बीमारी के उपचार का लाभ मिला था।

## उद्योग मंत्री देवांगन ने दिया था ये प्रस्ताव, 1687 वेंडरों का आरसी होगा निरस्त

# भूपेश सरकार का एक और फैसला बदला, सरकारी खरीदी अब जेम से, भ्रष्टाचार पर लगेगा अंकुश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के एक और फैसले को पलटा गया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने सरकारी खरीदी के लिए केंद्र सरकार के जेम पोर्टल को दरकिनार करते हुए रेंट कांट्रेक्ट के माध्यम से खरीदी का तरीका निकाला था। साय कैबिनेट ने इसमें बदलाव करते हुए फिर से जेम के माध्यम से खरीदी की व्यवस्था का निर्णय लिया है। खास बात ये है कि सरकार के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस संबंध में प्रस्ताव रखा था, जिसे कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है।

### 900 करोड़ से ऊपर की होती है खरीदी

बताया गया है कि राज्य में हर साल सरकारी खरीदी 900 करोड़ रुपए से अधिक की होती है। पूर्व में यह खरीदी केंद्र सरकार के जेम पोर्टल के माध्यम से होती थी, लेकिन कांग्रेस सरकार बनने के बाद जेम से खरीदी पर रोक लगा दी गई थी। माना जा रहा है कि सरकार के इस फैसले के बाद खरीदी में भ्रष्टाचार खत्म हो सकेगा। छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के (यथा संशोधित 2022) में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के समस्त विभाग आदि आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाओं जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हो का क्रय जेम वेबसाईट से उनकी नियमावली निर्धारित प्रक्रिया पालन करते हुए क्रय करेंगे। अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री, वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी। छत्तीसगढ़ शासन में लगभग 114 आवश्यक सामग्रियों की आरसी जारी होती थी, जिसमें 1687 वेंडर्स का आर सी निरस्त होगा, इस निर्णय के साथ 900 करोड़ से ऊपर की खरीदी अब सीधे जेम से होगी।

### बिचौलिया सिस्टम होगा खत्म

मोदी सरकार द्वारा शासकीय खरीदी हेतु जेम पोर्टल लांच किया गया था, जिसे रमन सरकार ने अपनाया था, इससे निर्बाध रूप से राष्ट्रीय दर पर सामग्रियों की खरीदी हो जाया करती थी, पर पिछली कांग्रेस सरकार ने इसे फिर से लागू कर दिया था,जिससे राष्ट्रीय स्तर के प्रतिस्पर्धी दर का नुकसान हो रहा था, इसे शुद्ध करने के लिए स्थापित बिचौलिया सिस्टम समाप्त किया जा रहा है। अब सीधे कंपनी या उत्पादक से सीधे खरीदी संभव हो पाएगी। माना जा रहा है कि विभागों में हो रही खरीदी में भ्रष्टाचार कम करने के दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम साबित होने वाला है। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के इस प्रस्ताव को मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने स्वीकार करते हुए सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय में मुहर लगा दिया । वर्तमान में प्रचलित सीएसआईडीसी के सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट इस माह के अंत में निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया।

### 47 हजार आवासहीनों को सीएम आवास योजना में मिलेगा मकान

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में छत्तीसगढ़ प्रदेश के जरूरतमंद सर्वेक्षित 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के तहत 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक प्रदेश में कुल 59.79 लाख परिवारों का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया, जिसमें 47 हजार 90 परिवार ऐसे पाए गए जो आवासहीन हैं, किन्तु उनका नाम सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं है। ऐसे आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

- स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं थे शामिल
- साय कैबिनेट ने लिया फैसला

### आईएफएस के लिए केंद्र से लेंगे सहमति

मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग के भारतीय वन सेवा में वर्ष 1992 से 1994 तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ 6 अधिकारियों को गैर-कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के समतुल्य वेतनमान 1 जनवरी 2024 से प्रदान करने के लिए भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, से सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। इसी तरह अधीक्षण अभियंता (सिविल) से मुख्य अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित न्यूनतम अवधि 5 वर्ष में केवल एक बार के लिए 1 वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

# कैटरेक्ट बैकलाग फ्री होने के दावे, मगर केंद्र सरकार जारी नहीं कर रही सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



मोतियाबिंद की वजह से किसी अंधत्व की शिकायत नहीं होने के दावे विभिन्न जिले लगातार कर रहे हैं, मगर केंद्र सरकार द्वारा अब तक उन्हें सर्टिफिकेट जारी नहीं किया गया है। इन जिलों द्वारा राज्य के माध्यम से आवश्यक दस्तावेज केंद्रीय स्वास्थ्य संचालनालय को भेजा जा चुका है, मगर उनकी ओर से इस पर कोई रिस्पांस नहीं लिया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को मोतियाबिंद अंधत्व रहित करने चलाए जा रहे अभियान को अपनाया गया था। इस दौरान यह भी सिस्टम बनाया गया था कि नेत्र सहायकों सहित अन्य माध्यम से जिलेवार मोतियाबिंद की वजह से देख नहीं पाने वाले लोगों की पहचान कर उनके आपरेशन कर अंधेरा दूर किया जाए। इस दौरान यह भी सिस्टम बनाया गया था कि जो जिला अपनी सूची में शामिल लोगों की पूरी सर्जरी कर लेगा, उसे बैकलाग घोषित कर प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। राज्य में सबसे पहले कबीरधाम ने यह प्रक्रिया पूरी की, इसके बाद रायपुर सहित दस जिलों मोतियाबिंद की वजह से किसी को अंधत्व की समस्या नहीं होने के दावे कर चुके हैं, मगर अब तक किसी भी जिले को इसके लिए केंद्र की ओर से प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इससे संबंधित दस्तावेज भेजे जा चुके हैं, मगर वहां से कोई टीम इसकी जांच करने नहीं पहुंची है।

### अगले साल तक फ्री करने का लक्ष्य

जानकारी के अनुसार वर्ष 2025 तक छत्तीसगढ़ को कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस फ्री करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत कोरोना के पहले यहां चार लाख ऑपरेशन करने का टार्गेट रखा गया था। स्वास्थ्य विभाग की टीम 75 प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर चुकी है।

### फेको पद्धति से इलाज

राज्य के अधिकतर जिलों में मोतियाबिंद का इलाज फेको तकनीक के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें आंख में एक बारीक छेद किया जाता है, जिसके माध्यम से मोतियाबिंद को आंख के अंदर ही घोल दिया जाता है। इससे जोखिम की संभावना काफी कम होती है।

### दो और जिले फ्री

मोतियाबिंद से संबंधित ऑपरेशन लगातार हो रहे हैं। हाल ही में खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, दंतेवाड़ा जिले कैटरेक्ट ब्लाइंडनेस बैकलॉग फ्री हुए हैं।

- **डॉ. निधि अत्रीवाल**, नोडल अधिकारी, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

# प्रदेश में कानून व्यवस्था की लचर स्थिति को लेकर कांग्रेस करेगी विधानसभा का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस की बैठक में विधानसभा घेराव की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में बलौदाबाजार में घटित आगजनी, प्रदेश में अपहरण, लूट-पाट, हत्या व आगजनी की घटना के संबंध में भी चर्चा कर इसके लिए आंदोलन की रणनीति बनाई गई। केंद्र की एनडीए व राज्य की भाजपा सरकार के खिलाफ जनहित के मुद्दों को लेकर आंदोलन की रणनीति पर चर्चा, रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी एवं रणनीति, नगरीय-निकाय चुनाव की तैयारी व रणनीति पर चर्चा, संगठनात्मक कार्यक्रमों को गति प्रदान करने पर चर्चा कर रणनीति तैयार की गई।

कांग्रेस की दो महत्वपूर्ण बैठकें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में हुई। जिला अध्यक्षों की बैठक में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। यह तय किया गया कि कांग्रेस नगरीय निकाय चुनाव पूरी ताकत के साथ लड़ेगी। साथ ही रायपुर दक्षिण विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी ने तय किया है कि मजबूत प्रत्याशी पार्टी उतारेगी और चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत झोंकेगी। यहां पर अभी से पार्टी की गतिविधियों को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को प्रभारी बनाकर चुनाव के लिए सशक्त दावेदारों को मैदान पर उतारा जाएगा। वहीं कांग्रेस ने यह भी तय किया है कि संगठन में रिक्त पदों को भरने के लिए कार्यवाही शुरू की जाएगी। सक्रिय लोगों को संगठन में लाया जाएगा।

### निष्क्रिय अध्यक्ष हटाए जाएंगे

चुनाव के दौरान जिन क्षेत्रों में जिला अध्यक्षों का परफार्मेंस ठीक नहीं रहा, उन्हें हटाने के संबंध में बैठक में चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने इस पर सहमति जताते हुए कहा कि चुनाव परिणाम पार्टी की अपेक्षा के अनुसार नहीं रहे। जिला अध्यक्षों ने वहां पर अच्छा काम नहीं किया। जिन जगहों से शिकायतें आई हैं, उन्हें भी गंभीरता से लिया गया है। आने वाले समय में ऐसे जिला और ब्लॉक अध्यक्षों को हटा कर नए और सक्रिय लोगों को संगठन में लाया जाएगा।

### ये थे मौजूद

बैठक में उपाध्यक्ष गुरुमुख सिंह होरा, अंबिका मरकाम, पीआर खुंटे, प्रेमचंद जायसी, बीरेश ठाकुर, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू, महामंत्री प्रशांत मिश्रा, नरेश ठाकुर, डॉ. थानेश्वर पाटिला, राजेन्द्र साहू, सकलेन कामदार, जितेंद्र साहू, सीमा वर्मा, कन्हैया अग्रवाल, शाहिद खान, दीपक दुबे, सुबोध हरितवाल, कार्यसमिति सदस्य लालजी चंद्रवंशी, गंगा पोटाई, सुरेंद्र प्रताप जायसवाल, भोलाराम साहू और सभी जिला अध्यक्ष उपस्थित थे।

# गर्भाशय निकालने ऑपरेशन, निगरानी के लिए राज्यस्तर पर बनाई गई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पैसे के लालच में निजी और सरकारी अस्पतालों द्वारा गर्भाशय निकालने किए जाने वाले ऑपरेशन पर रोक लगाने के लिए राज्यस्तर पर कमेटी गठित की गई है। एक याचिका के आधार पर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों को इस बारे में निर्देश जारी किया गया था। आठ माह चली कवायद के बाद अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य की अध्यक्षता में 16 सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

गठित कमेटी छह महीने में एक बार अपनी बैठक करेगी और जिला स्तर पर प्राप्त होने वाले आंकड़ों की समीक्षा कर अनावश्यक सर्जरी को रोकने का प्रयास करेगी। इसके अलावा मैदानी स्तर के अधिकारियों को इस बारे में जानकारी देने ट्रेनिंग दी जाएगी। कमेटी प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और निजी रूप से सरकारी और निजी अस्पतालों में होने वाले इस ऑपरेशन की निगरानी कर अनावश्यक सर्जरी को रोकने का प्रयास करेगी। वर्ष 2013 में डॉ. नरेन्द्र गुप्ता द्वारा लगाई गई याचिका के आधार पर पिछले साल केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को हिस्टेरेक्टॉमी पर जारी निर्देश को तीन माह में लागू करने कहा था। इसमें इस बात का जिक्र था कि बिहार, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में संघीय गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली कई महिलाओं को अनावश्यक रूप से हिस्टेरेक्टोमी कराने के लिए मजबूर किया जाता है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य योजनाओं के तहत अस्पतालों द्वारा अधिक लाभ कमाना होता है। इस ऑपरेशन के बाद मासिक धर्म सहित महिलाओं में कैंसर का खतरा बढ़ जाता है।

### समिति में जिम्मेदार

गठित कमेटी में संचालक स्वास्थ्य सेवाएं सचिव और सहसचिव एनएचएम के प्रबंध संचालक होंगे। इसके अलावा आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, संचालक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, संचालक चिकित्सा शिक्षा, राज्य एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण संस्था के संचालक, उपसंचालक मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम, उपसंचालक परिवार कल्याण कार्यक्रम, उपसंचालक नर्सिंग होम एक्ट, उपसंचालक एनसीडी, उपसंचालक स्टेट नोडल एजेंसी, रजिस्ट्रार मेडिकल काउंसिल, एचओडी स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग मेडिकल कालेज रायपुर सहित 16 सदस्य शामिल होंगे।

### 12 साल पहले गर्भाशय कांड

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2012 में सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए निजी और सरकारी अस्पताल में महिलाओं के गर्भाशय निकालने का कांड हुआ था। इस मामले में दस से अधिक डाक्टरों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई थी। उस दौरान आरोप लगाया गया था कि महिलाओं को कैंसर का खतरा दिखाकर बीमा राशि का लाभ उठाने के लिए थोक में ऑपरेशन कर गर्भाशय निकाले गए थे।

# प्रदेश में 5 वर्षों से उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा नहीं, अब नीति में संशोधन करेगा खेल विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजना के तहत जल्द होगी उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा।

प्रदेश में विभिन्न खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाकर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों का मान अब बढ़ेगा। खेल विभाग ने 5 सालों के बाद अब उत्कृष्ट खिलाड़ी नीति 2007 को वर्तमान परिवेश के आधार पर बेहतर बनाने का मन बना लिया है। खेल एवं युवा कल्याण की संचालक तनुजा सलाम ने मंगलवार को नियम संशोधन समिति की बैठक बुलाई, जिसमें नीति में बदलाव को लेकर अधिकारियों से चर्चा हुई। 5 सालों से प्रदेश के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा नहीं हो पाई है। लगातार इसकी मांग खिलाड़ियों की ओर से की जा रही थी। बैठक में खेल संचालक ने खिलाड़ियों के हितों को ध्यान रखते हुए बेहतर नीति बनाने की बात कही है। उत्कृष्ट खिलाड़ी नीति 2007 को वर्तमान परिवेश के आधार पर संशोधन किया जाएगा।

**राज्य शासन को सौंपेगी रिपोर्ट**

विभाग ने बैठक में नीति में संशोधन के साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों के की प्रक्रिया पर काम करना शुरू कर दिया है। जल्द विभाग विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों की घोषणा करेगा। जल्द ही संचालनालय स्तरीय नियम संशोधन समिति अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। बैठक में संचालक खेल एवं युवा कल्याण के साथ सबा अंजुम अर्जुन अवॉर्डी, अवंती गुप्ता सहायक संचालक, संजय पॉल वरिष्ठ खेल अधिकारी, टीएन रेड्डी वरिष्ठ प्रशिक्षक, गिरीश शुक्ला खेल अधिकारी शामिल रहे।

## स्कूलों की स्थिति पूर्व मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के कारण खराब हुई

# कश्यप ने कहा- हार का ठीकरा फोड़ने व्यक्ति खोज रही कांग्रेस, मानसून सत्र को लेकर कसा तंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, विपक्ष की विधानसभा और लोकसभा में करारी हार हुई है। जनता ने उसका मुख बंद करा दिया है। उसका बड़बोलापन खत्म हो गया है।

भगवान उसको सहन शक्ति दे। विभिन्न विषय पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करे। कांग्रेस की बैठक को लेकर उन्होंने कहा, संगठन को कितना मजबूत करेंगे, यह तो वही जानेंगे। हार का ठीकरा किसके ऊपर फोड़ा जाए उसके लिए व्यक्ति खोज रहे हैं। स्कूलों की जर्जर स्थिति को लेकर मंत्री केदार कश्यप ने कहा, पिछले 5 सालों में स्कूलों की स्थिति पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व उपमुख्यमंत्री के कारण खराब हुई है। शिक्षा मंत्री प्रेम साय टेकाम बाबा गुट के थे, इसके कारण स्कूल शिक्षा विभाग को अनदेखी किया गया। विष्णु देव की सरकार शिक्षा विभाग को प्रथम श्रेणी में रखती है, उसकी चिंता करती है। शिक्षा व्यवस्था अच्छी होगी। केंद्रीय वित्त आयोग की टीम के छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर उन्होंने कहा, 11 तारीख को मंत्रालय में बैठक होगी, जिसमें छत्तीसगढ़ के वित्तीय विषय को लेकर चर्चा होगी।

### ऐसा ना हो कि मंत्रियों को सदन छोड़कर भागना पड़े : बैज



केदार कश्यप के बयान पर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार करते हुए कहा, केदार कश्यप गलतफहमी में हैं। मानसून सत्र ऐसा ना हो कि मंत्रियों को सदन से भागना पड़े। कांग्रेस के विधायक, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सदन के अंदर लड़ेगी और कांग्रेस पार्टी सदन के बाहर भी लड़ेगी। सत्र में कांग्रेस का जबरदस्त प्रदर्शन रहेगा। सरकार के पास जनहित के मुद्दों को लेकर हम जाएंगे। उन्होंने कहा, बढ़ी हुई बिजली की दर, कानून व्यवस्था, फर्जी नक्सली घटनाएं, किसानों की आत्महत्या, खाद बीज पर महंगाई, ऐसे बहुत से मुद्दे हैं, जिसे कांग्रेस आक्रामक रूप से विधानसभा में उठाएगी।

## खबर संक्षेप



### सामान्य सभा की हुई बैठक

**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा में मंगलवार को सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई। बैठक में कुल आठ प्रस्ताव लाए गए थे जहां सर्वसम्मति से सभी प्रस्ताव को पारित किया गया। उक्त बैठक में आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब विशेष रूप से उपस्थित हुए। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष लेमीक्षा गुरु डहरिया की अध्यक्षता में उक्त सामान्य सभा की बैठक आहूत की गई थी। जिस पर पूरे आठ प्रस्ताव पर चर्चा कर सभी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पार्षद गण विकास सुखवानी, कृष्णा अनिल शर्मा, सतीश निषाद, लुकराम बघेल, राजकूमार गेंदे, विकास कोटवानी, रवि सेन,चंद्रकला वर्मा, लता सोनू मारखंडे, सुधा चौबे, उमा यदु, नरोत्तम यदु, पोषण वर्मा सहित सीएमओ अनीश ठाकुर नगर पालिका के अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित हुए।

### न्योता भोज में दिया पौष्टिक आहार



**आरंग।** शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना न्योता भोज के अंतर्गत उच्च प्राथमिक शाला खौली में पौष्टिक आहार अंकुरित चना, मूंग सलाद प्रदान किया गया। विद्यालय के कुल 136 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर प्रधान पाठिका सरिता तिवारी, शिक्षिका अनीता कड़वे, विनीता देव, रश्मि शुक्ला एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### टाटानगर एक्सप्रेस 13, 20 और 27 जुलाई को रहेगी रद्द

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। इसके कारण जोन से चलने व गुजरने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस -टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**रायपुर।** कृषकों की फसल को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्रकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। खरीफ वर्ष 2024 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित,धान असिंचित एवं अन्य फसल, मक्का, सोयाबीन,अरहर (तुअर), उड़द एवं कोदो फसल का बीमा करा सकते हैं।

## निधन

### चोवा राम वर्मा

**तिल्दा नेवरा/तरपोंगी।** मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज के केंद्रिय अध्यक्ष चोवा राम वर्मा का सोमवार



रात को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को गृह ग्राम जरौदा में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

# प्रवेशोत्सवः आत्मनिर्भरता ही आत्मविश्वास की बुनियाद : अनुपम दीवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

पूरे प्रदेश में 26 जून से 10 जुलाई तक शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया जा रहा है इसी तारतम्य में विकासखंड तिल्दा संकुल केंद्र बंगोली के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बँगोली में शाला प्रवेशोत्सव व नेवता भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मित्सुबीसी कंपनी संयुक्त राज्य अमेरिका की वाइस प्रेसिडेंट एवं अस्तित्व महिला साक्षरता एवं सशक्तिकरण संस्थान छत्तीसगढ़ की प्रमुख मुख्य अतिथि अनुपम दीवान ने स्कूली छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दुनिया मे ऐसा कोई भी कार्य नहीं जिसे बेटियाँ न कर सके उन्होंने देश की सफल महिलाओं का उदाहरण देते हुए बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज बेटियाँ अपनी मेहनत, लगन, निरंतर सक्रियता, समर्पण व संघर्ष के सदपरिणामस्वरूप न केवल अकादमिक बल्कि खेल, कला, संगीत, तकनीकी, अभियांत्रिकी, सामाजिक, राजनीतिक हर क्षेत्र में आदर्श प्रस्तुत कर रही हैं। उन्होंने डोमार धुरंधर व अहिल्या की बेटियाँ नम्रता, नताशा द्वारा निर्मित मधुबनी पेंटिंग की मांग अमेरिका तक होने व उनके निर्यात से प्राप्त आय की मिसाल देते हुए कहा कि आत्मनिर्भर बनने से आत्मबल में वृद्धि होती है और बेटियाँ जीवन में आने वाली विकट परिस्थितियों का सामना करने का हौसला जुटा पाती हैं , श्रीमती दीवान ने लगनशील बेटियों को फाउंडेशन की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

## प्राथमिक शाला बंगोली में शाला प्रवेशोत्सव एवं नेवता भोज हुआ आयोजन

### स्वागत नृत्य कर बटोरी तालियां

बालकों ने सरस्वती वंदना एवं लुशिका शर्मा व साथियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत कर लोगों से खूब तालियां बटोरी। प्रधानपाठक सविता चंद्राकर ने शाल श्रीफल से अतिथियों का अभिनंदन करते हुए सोना वर्मा द्वारा स्वीकृत व निर्मित अतिरिक्त कक्ष 8.32 लाख तथा अनुपम दीवान की ओर से प्रदत्त 1.20 लाख के लिए हार्दिक आभार जताया। सोना वर्मा ने प्रधानपाठक सविता चंद्राकर की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मंच को भाजपा मंडल उपाध्यक्ष व विधायक प्रतिनिधि डोमार धुरंधर, कबीरपंथी समाधि पीठ के महंत नरोत्तम शर्मा, जनपद सदस्य डॉक्टर धनेश निषाद आदि ने भी संबोधित किया।



### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में सरपंच झुकू राम बाँधे, प्रबंधन समिति अध्यक्ष दुर्गेश नायक, विधायक प्रतिनिधि डोमन नायक, इंद्रकुमार नायक, व्याख्याता तोपसिंह वर्मा, पंचायत सचिव राजिम ध्रुव, नूतन साहू, शिक्षक गण मनोज वर्मा, दुर्गा साहू, प्रतिमा वर्मा, शशिकला जोशी, नीतू देवांगन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन वर्मा, सपना खूँटे, मितानिन रूखमणी मानिकपुरी, मोना निषाद, पूर्णिमा नायक उपस्थित रहे।

## कार्रवाई: कलेक्टर के आदेश पर तहसीलदार जयेन्द्र ने की कार्रवाई

# सरकारी भूमि पर बेजा कब्जा, कलेक्टर के आदेश पर प्रशासन का चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

आद्योगिक नगर सिलतरा में भू माफियों और सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वालों की बाढ़ आ गई है। सिलतरा स्थित बस स्टैंड के पास ही शासकीय भूमि खसरा नंबर 569/5 का भाग रकबा 0.1675 हे. में सलीम कुरैशी द्वारा जबरिया अतिक्रमण कर अपना व्यवसाय संचालित कर रहा था जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर रायपुर डाक्टर गौरव सिंह के पास गई जिसके बाद कलेक्टर ने एक टीम गठित कर तहसीलदार धरसींवा जयेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मंगलवार को सुबह 11 बजे भारी गहमागहमी के बीच हाइवे के किनारे अतिक्रमण पर बुलडोजर चला कर ताबड़तोड़ कार्यवाही किया गया। इस कार्यवाही के दौरान लगभग 200 पुलिस जवानों को तैनात किया गया था।

उद्योग नगर सिलतरा में बेजा कब्जा की बाढ़ सी आ गई है, सड़क किनारे खाली पड़ी सरकारी जमीन पर अंधाधुंध बेजा कब्जा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों की इस हरकत से पीछे के निजी भूमि स्वामी, कृषक किसानी के लिए रास्ता बंद हो जाने से खासे परेशान है। ऐसा ही एक मामला कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह के सामने आया जिसमें रायपुर बिलासपुर मार्ग पर सड़क किनारे ग्राम सिलतरा में शासकीय भूमि खसरा नंबर 569/5 का भाग रकबा 0.1675 हे. में सलीम कुरैशी द्वारा अवैध कब्जा कर कबाड़ की व्यवसाय करने की शिकायत आई थी। रायपुर कलेक्टर ने शिकायत की जांच के लिए तहसीलदार धरसींवा जयेन्द्र सिंह को निर्देश दिया। जिस पर तहसीलदार जयेन्द्र सिंह ने जांच कराई और मामला सही पाया। जिस में विधिवत पंचनामा कर नोटिस जारी किया गया और जब बेजा कब्जाधारी ने सड़क से कब्जा नहीं हटाया तो मंगलवार को सुबह 11 बजे बेदखली की कार्रवाई की गई जिसमें दुकानों और दिवालों पर बुलडोजर चला कर ताबड़तोड़ कार्यवाही किया गया है।





### कार्रवाई की गई है

सिलतरा में सड़क किनारे अतिक्रमण की सूचना मिली थी। जिसे बार- बार नोटिस देने के बावजूद न्यायलय की अवहेलना कर रहे थे, जिसके बाद जिला कलेक्टर के आदेश के बाद कार्रवाई किया गया है।

**जयेन्द्र सिंह**
तहसीलदार धरसींवा

### अतिक्रमण हटाने गए अफसरों के साथ जम कर हुई बहस

जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान जमाने वाला अतिक्रमणकारियों के बीच अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि जिला प्रशासन अतिक्रमण हटाने से अतिक्रमण पर यार्ड बनाये थे उसको चिन्हित कर एक सप्ताह पहले ही नोटिस जारी कर दिया था। नोटिस मिलने के बाद भी अतिक्रमण कारी अपनी यार्ड को सड़क किनारे लगाकर अतिक्रमण किया था। हालांकि प्रशासन के कड़े रुख को देखते हुए अतिक्रमण कारी के बीच अफरा तफरी कायम हो गई थी। अतिक्रमण खाली कराने के दौरान सीएसपी उरला मणिशंकर चंद्रा, तहसीलदार धरसीवा जयेंद्र सिंह, थाना प्रभारी धरसींवा राजेंद्र दीवान की उपस्थिति में हटाया गया जहां सैकड़ों की संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।



# विधायक की अध्यक्षता में सरपंचों सचिवों की संयुक्त समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

जनपद कार्यालय अभनपुर के सभा कक्ष में विधायक इन्द्रकुमार साहू की अध्यक्षता में विकासखंड के समस्त सरपंच व पंचायत सचिव की संयुक्त समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान विधायक इन्द्रकुमार साहू ने बैठक में उपस्थित सरपंचों व सचिवों से चर्चा करते प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत सम्मिलित गांव की संख्या, स्वीकृत निर्माण कार्यो की वर्तमान स्थिती, एनआरडीए द्वारा गांवो मे भेजे गये एस्टिमेट जानकारी, प्रधानमंत्री आवास अंतर्गत स्वीकृत आवास एवं आवास लक्ष्य की जानकारी, 15वे वित्त की राशि, आयोध्या दर्शन, समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत ट्राई साइकिल व दिव्यांगो को वितरण किये गये ट्राई साइकिल का विवरण, दिव्यांगता पेंशन, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन के लंबित प्रकरण व भुगतान, मनरेगा से निर्माण कार्य स्वीकृति की स्थिती, डब्लूबीएम सड़क निर्माण कार्य, विधायक निधि के माध्यम से स्वीकृत विकास कार्यों की स्थिति व सरपंचों के विरुद्ध कार्रवाई की जानकारी सहित विभिन्न विषयो पर जानकारी ली। साथ ही जल्द से जल्द लंबित प्रकरण, निर्माण कार्यो व भुगतान राशि को पूर्ण करने विभागीय अधिकारी को निर्देशित किया। इस अवसर पर विधायक इन्द्रकुमार ने उपस्थित सरपंचों से कहा कि प्रदेश भाजपा की साय सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित है जिसे आप सभी के माध्यम से ग्रामीणो, जरूरतमंदो तक पहुंचाने की जिम्मेदारी है प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक का विकास ही हमारा मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, जपं.उपाध्यक्ष राजू बारले, जिला खनिज न्यास सदस्य मुकेश ढीढी, जनपद सीईओ राजेन्द्र पांडे, मनरेगा पीओ दयानंद देवागंन, भरत बैस सहित सरपंच, सचिव व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जनसमस्या निवारण शिविर में 41 विभागों ने लगाया स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

- जिला स्तरीय शिविर में पहुंचे कलेक्टर एवं विधायक

मंगलवार को जिला कलेक्टर रायपुर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह एवं जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पुष्पेंद्र शर्मा तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे के निर्देशन में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का प्रथम आयोजन ग्राम पंचायत फरफौद में किया गया। इस अवसर पर पंचायत विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, विद्युत विभाग जैसे 41 विभागों ने स्टॉल लगाकर विविध समस्याओं को पंजीयन के आधार पर आमंत्रित करते हुए त्वरित समाधान की दिशा में कार्यवाही की गई।

शिविर के मुख्य अतिथि विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि हमारी सरकार जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए तत्पर है, उन्होंने आम जनता को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरा प्रदेश तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार ने काउंटर में आने वाली समस्याओं का न केवल जायजा लिया, अपितु समस्त विभागों को समाधान के लिए निर्देशित करते हुए उनकी समीक्षा भी की। उन्होने कहा कि तथा कहा की बहुत जल्दी दो हेल्पलाइन मोबाइल नंबर जारी किए जाएंगे, जिसकी सहायता से कोई भी व्यक्ति घर बैठे भी अपनी समस्याओं को रख पाएगा तथा प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी। साथ ही विधायक एवं अन्य अतिथियों की सहभागिता के साथ सब्जी, बीज एवं पौधा वितरण किसानों को, मृदा स्वास्थ्य पत्रक, स्पेयर वितरण, मूंग बीज वितरण, अरहर बीज वितरण, उड़द बीज वितरण, मछली जाल एवं किट वितरण आयुष्मान कार्ड वितरण करवाया गया। इस अवसर पर अधिकारी पुष्पेंद्र शर्मा व कुमार सिंह लहरे ने आम जनमानस से मुखातिब होते हुए उनसे चर्चा भी की।



### 99 प्रकरणों का एक सप्ताह के भीतर समाधान करने के निर्देश

*कुल 368 आवेदनों में 269 का निराकरण करते हुवे बाकी 99 प्रकरणों को एक सप्ताह के अंदर समाधान के लिए निर्देशित किया गया। कार्यक्रम में एएसपी संतोष सिंह, आईएएस अनुपमा आनंद, अपर कलेक्टर निधि साहू, संयुक्त कलेक्टर सुमन सिंह एवं जिला पंचायत सदस्य अनीता थानसिंह साहू, जनपद सभापति आरंग गोविंद साहू एवं अनिल सोनवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहु, जनप्रतिनिधिगण के.के. भारद्वाज, डॉ संदीप जैन, अशोक चंद्राकर, मधु विकास टंडन, सरपंच मनीराम आडील, उपसरपंच मोहनलाल साहू, समस्त पंचगण एवं तहसीलदार आरंग सीता शुक्ला, तहसीलदार मंदिरहसौद राजकुमार साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, डीएमसी के.एस. पटले, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एन.पी. कुर्रे, बीएमओ विजयलक्ष्मी अनंत, नायब तहसीलदार सृजल साहू, एन.एस. पिस्दा, महिला बालविकास ऋषि बंजारे आदि एवं ग्राम सचिवगण, संकुल समन्वयकगण समस्त विभागीय कर्मचारीगण आदि सहित गणमान्य, आम जनमानस की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव एवं सहयोग शिक्षक महेंद्र कुमार पटेल, अनिल चंद्राकर आदि ने किया। आभार प्रदर्शन एसडीएम आरंग ने किया।*

## पेज 11 के शेष...

### जुलाई का पहला ....

रफ्तार बेहद धीमी है। ऐसे में सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम से पानी लेकर शहर की 15 लाख आबादी की प्यास बुझाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक मानसूनी बारिश कम होने से गंगरेल डेम में गत वर्ष की तुलना में जलस्तर 7 मीटर से कम है। हालांकि रायपुर शहर के हिस्से का 3.15 टीएमसी रॉवाटर गंगरेल में हर बार की तरह इस बार भी सुरक्षित रखा गया है।

### शक्कर-नमक की....

लेकिन जुलाई शुरू हुए 9 दिन बीत चुके हैं, लेकिन कई दुकानों में चावल के साथ शक्कर और नमक की सप्लाई तक नहीं हो पाई है, जिसके कारण हितग्राहियों को बार-बार दुकानों का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### शाम होते ही ....

लालपुर में इसका असर मध्यम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़े के अनुसार वहां शाम के वक्त 4.8 मिमी. वर्षा रिकार्ड किया गया है। बरसात की वजह से न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट आई है। अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है ।

### बलौदाबाजार कांडः विधायक देवेंद्र .....

जला दिया था, सैकड़ों वाहनों में आग लगाई गई थी। इस मामले में कईएफआईआर की जा चुकी है, करीब डेढ़ सौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हिंसा और आगजनी की इस घटना में 12 करोड़ रुपयों की सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस मामले में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव का नाम भी चर्चा में आया है। बताया गया है कि जिस दिन ये घटना हुई थी, उसके पहले बलौदाबाजार में एक सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में श्री यादव शामिल हुए थे। इस संबंध में देवेंद्र यादव ने पूर्व में बयान दिया था कि वे रायगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बलौदाबाजार में कुछ देर रुककर सभा में शामिल हुए, फिर रवाना हो गए थे। इस मामले में श्री यादव के खिलाफ बलौदाबाजार पुलिस ने नोटिस जारी कर उन्हें बुलाया था। बताया गया है कि व्यस्तता का हवाला देकर वे नहीं गए, लेकिन मंगलवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे।

### कांग्रेसियों पर ....

गिरफ्तार किया गया है और अब बलौदाबाजार जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे को हिरासत में लिया गया है। राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस संगठन के समर्थक निर्दोष पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सतनामी समाज के लोगों के साथ की जा रही पुलिसिया अत्याचार की निंदा करते हुए इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

### आवारा मवेशियों की ...

स्थित जोन 10 की काऊकेचर टीम ने वीआईपी मार्ग पर 4 मवेशियों धरपकड़ की। इसके अलावा भावना नगर और चिल्फी हाइट से विधायक कालोनी मार्ग पर मवेशियों को पकड़कर गोठान पहुंचाया गया।

### कांग्रेस प्रवक्ता ....

बुधवार को सुनवाई है।

**जमानत पर आज सुनवाई:** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोर्ट में पेश कर तीनों नेताओं को 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इधर तीनों नेताओं की ओर से वकील ने उनकी जमानत के लिए अर्जी भी लगा दी है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी है।

### कृष्णा पब्लिक स्कूल .....

विकास तिवारी के घर भी पहुंची थी, लेकिन उस समय वह घर पर नहीं था। इसके बाद विकास तिवारी ने स्वयं कोर्ट पहुंचकर अपनी गिरफ्तारी दी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया।


**न्यायालय - श्रीमती गंगा पटेल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सक्ती, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**- नोटिस -**

प्रोसेस नं. 221/2024
व्यवहार वाद क्र. 09A/2019
पेशी दिनांक 07/08/2024

रेवाप्रसाद वगैरह........................ वादीगण
बनाम
गजाराम वगैरह........................प्रतिवादीगण

प्रति,
1. हरिराम, उम्र 87 साल, पिता शिवलाल, 2. लालकुमार, उम्र 65 साल, पिता दीनदयाल, 3. बिहारी, उम्र 60 साल, पिता दीनदयाल, 4. सत्यभामा, उम्र 45 साल, पति स्व. दयाराम, 5. सहसमति, उम्र 45 साल, पति स्व. तुलसीराम, 6. कलावती, उम्र 40 साल, पिता तुलसीराम, 7. चित्राकुमारी, उम्र 50 साल, पिता तुलसीराम 8. सीताराम, उम्र 65 साल, पिता शिवलाल, 9. आत्माराम, उम्र 70 साल, पिता शिवलाल, 10. पुरुषोत्तम, उम्र 50 साल, पिता ठाकुरराम, 11. चंद्रशेखर, उम्र 65 साल, पिता ठाकुरराम, 12. थाम सिंह, उम्र 60 साल, पिता डोलचंद, 13. रघुवीर, उम्र 65 साल, पिता कृपाराम, सभी जाति अघरिया निवासी ग्राम जवाली, तहसील डभरा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

वादी ने इस न्यायालय में प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक व्यवहार वाद दावा वास्ते स्वत्व की घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किये है। जिसमें प्रतिवादी क्रमांक 6, 10, 11, 27, 29, 30, 31, 32, 33, 35, 36, 38, 42 की उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त प्रकरण में सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07-08-2024 को दिन के 11:00 बजे होगी। अतः आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में पैरवी करने के लिए दिनांक 07-08-2024 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

दिनांक 07-08-2024 को उपस्थित न होने पर आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही कर सुनवाई की जावेगी।

यदि किसी कारण वश दिनांक 07-08-2024 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 08-07-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**श्रीमती गंगा पटेल**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी सक्ती, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील धरसींवा जिला रायपुर (छत्तीसगढ़)**
**// ईशतहार //**

धरसींवा, दिनांक 21/06/2024
रा.प्र.क्र./आर.डी. 202324440716800082/अ/27/ वर्ष 2023-24
ग्राम धरसीवा, सिलतरा, चरौदा प.ह.नं. 32, 31
तहसील धरसीवा जिला रायपुर (छ.ग.)

एतद द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकुमार साहू पिता पुनाराम साहू निवासी ग्राम चरौदा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा खाता विभाजन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.न. 20, स्थित भूमि खसरा नंबर 578/1 रकबा 0.2640 हे. ग्राम धरसीवा प.ह.न. 18 स्थित भूमि खसरा नंबर 494/1 रकबा 0.2670 हे., खसरा नंबर 494/8 रकबा 0.1010 हे., ग्राम चरौदा प.ह.न. 19 स्थित भूमि खसरा नंबर 71/1 रकबा 0.3640 हे., 77/1 रकबा 0.2430 हे., 295/11 रकबा 0.0520 हे. 297/1 रकबा 0.0240 हे., 298/1 रकबा 0.0240 हे. 393/9 रकबा 0.1250, 597/6 रकबा 0.1240, 612/1 रकबा 0.1460 हे., 615/6 रकबा 0.1420 हे., 636/1 रकबा 0.2020 हे.. 661/1 रकबा 0.0240 हे. भूमि आवेदक नंदकुमार पिता स्व. पुनाराम, एवं अनावेदक रूखमणी पति पुनाराम, नाथुराम, पंचराम, झरना, कुमारी पिता स्व. पुनाराम के संयुक्त नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से अपने हिस्से की भूमि का खाता विभाजन किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत खाता विभाजन बाबत प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 15/07/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 21/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर
**तहसीलदार**
**धरसींवा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

**नामांतरण प्र.क्र. 02/2024-25**
**वार्ड का नाम डुमरतराई थोक बाजार**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/भूमि दुकान क्र. 23 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती शंकर लाल मोटवारी S/0 खुबचंद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती हरीश रहेजा S/0 भागुमल रहेजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंषानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जानें।

**जोन कमिश्नर**
**जोन क्र.-10**
**नगर निगम रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र....अ/6अ वर्ष 2023-24
आरंग दिनांक 25/06/2024
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक लता उर्फ लक्ष्मी बाघमार पति विष्णु बाघमार कास्तकार ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 स्थित भूमि खसरा नंबर 2635/5 का रकबा 0.1420 हे. भूमि आवेदक लता पति विष्णु के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की उपरोक्त भूमि पैतृक भूमि है। जिस पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर लता पति विष्णु तथा शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड पर लक्ष्मी पति विष्णु दर्ज है जिसमें दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात आवेदक के ही नाम है। आवेदक द्वारा शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड के आधार पर लता उर्फ लक्ष्मी बाघमार पति विष्णु बाघमार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायलीय समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 10/07/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**तहसीलदार**
**आरंग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-1912 दिनांक 09.03.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-पी3सी/646, को श्री राजीव शर्मा पिता स्व. श्री छोटे लाल शर्मा, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.02.2012 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री राजीव शर्मा पिता स्व. श्री छोटे लाल शर्मा, निवासीः - भोई पारा, वार्ड नं. 31, दुर्ग, तहसील - दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति रीतांजली जेना पति श्री राजीब कुमार जेना, निवासीः- बांगरकुआं, पो-बरडिया, राजकनिका, बांगरकुआं बरडिया, केंद्रपडा, ओडिशा, पिन नं. 754220, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- पीसी/ 646, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें । अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकारगण लखनु सोनवानी, लखनलाल सोनवानी, जगत सोनवानी एवं रतन सोनवानी सभी पिता श्री रामप्रसाद सोनवानी सभी निवासी ग्राम नवागांव, मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त हक, कब्जे एवं स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम उमरिया, प.ह.नं.-19, रा.नि.मं. व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 596 रकबा 0.2100 हे. स्थित है जिसे क्रेता मेसर्स के.आर. क्रिएशन पार्टनर द्वारा श्री नवीन नागवानी, पिता श्री हर्जेश राय नागवानी, पता- माता लक्ष्मी नर्सिंग होम के सामने, अनुपम नगर, शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा क्रय करने का सौदा किया गया था तदसंबंध में एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 20.09.2023 निष्पादित की गई है। उक्त विक्रय इकरारनामा में उल्लेखित नियम शर्तो अनुसार क्रेता व्यक्ति/ फर्म के द्वारा अपने पक्ष में दिनांक 28.02.2024 के पूर्व विक्रयकृत भूमि का बैनामा पंजीयन करवाया जाना था किंतु क्रेता फर्म/ व्यक्ति के द्वारा उल्लेखित समय सीमा में बयनामा का पंजीयन नही कराया गया है। इस प्रकार क्रेता व्यक्ति/ फर्म एवं मेरे पक्षकारगण के मध्य हुए इकरारनामा स्वयमेव समाप्त हो गया है तदसंबंध में हमारे पक्षकार की ओर से एक विधिक सूचनापत्र अपने विधिक सलाहकार के माध्यम से भी दिया गया है, और थाना एवं पुलिस अधिक्षक रायपुर को भी इस आशय की सूचना दी गयी है साथ ही मेरे पक्षकार के द्वारा एक आम सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचारपत्र "नवभारत" में दिनांक 11.04.2024 को प्रकाशित कराया जाकर उल्लेखित समय सीमा के भीतर बयनामा के पंजीयन हेतु आग्रह किया गया था, जिसके बावजूद क्रेता बयनामा का पंजीयन नही कराया। ऐसी स्थिति में व्यक्ति/ फर्म के द्वारा अपने पक्ष क्रेता व्यक्ति/ फर्म के मध्य उपरोक्त भूमि के संबंध में हुआ सौदा समाप्त हो गया है और क्रेता व्यक्ति/फर्म के द्वारा दिया गया बयाना राशि डूब गया है, अब मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति, संस्था इत्यादि को विक्रय अंतरण करने हेतु स्वतंत्र एवं सक्षम है। सो सूचना जाने ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक-09.07.2024

**भवदीय**
**कु. अरूणा मिश्रा, अनुज मिश्रा**
**अधिवक्तागण, रायपुर**
**कार्यालयः वार्ड नंबर 6, रेलवे कालोनी, ग्राम पो. व थाना मंदिर हसौद रायपुर(छ.ग.) मो.नं. 9893130323**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202407115600002**
विषयः- अ-6 सन :-2023-2024
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
डंगनिया प.ह.न. 00058 [ (हे.) ]
**पक्षकारों का विवरण -** आवेदक पक्षकार चन्द्रभूषण वर्मा पिता स्व. लखनलाल वर्मा निवासी गायत्री नगर आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने डंगनिया तहसील व जिला रायपुर,
अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभूषण वर्मा पिता स्व. लखनलाल वर्मा निवासी गायत्री नगर आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने डंगनिया तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पिता लखन लाल वर्मा पिता रूप चंद वर्मा के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 58, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि जिसका शीट नंबर 06 प्लाट नंबर 9/10 रकबा 1269 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी लखन लाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 29/09/2018 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसान (1) श्रीमती दुलारी वर्मा पति स्व. लखन लाल वर्मा (2) चन्द्र भूषण वर्मा (3) चन्द्र शेखर वर्मा दोनों के पिता स्व. लखन लाल वर्मा (4) श्रीमती सुनीता वर्मा पति राजेन्द्र वर्मा (5) श्रीमती अनिता वर्मा पति स्व. देवेन्द्र वर्मा है इसके अतिरिक्त अन्य कोई नही है का उल्लेख किया जाकर उक्त वर्णित भूमि से मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 26/07/2024 को होगी।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/ आपत्ति दिनांक 26/07/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

# खबर संक्षेप

## टाटानगर एक्सप्रेस 13, 20 और 27 जुलाई को रहेगी रद्द

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। इसके कारण जोन से चलने व गुजरने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस -टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

## खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**रायपुर।** कृषकों की फसल को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्रकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। खरीफ वर्ष 2024 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित,धान असिंचित एवं अन्य फसल, मक्का, सोयाबीन,अरहर (तुअर), उड़द एवं कोदो फसल का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को फसल को प्रतिकूल मौसम एवं प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले ऋणी एवं अऋणी किसान, जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं।

## छात्रों के विचारों का भी होगा दस्तावेजीकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य को साकार करने के लिए राज्य नीति आयोग, उच्च शिक्षा विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य नीति आयोग द्वारा 'अमृत काल : छत्तीसगढ़ विजन @ 2047' दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य के सभी क्षेत्रों का तीव्र विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी युवा, नागरिकों, विद्यार्थियों से सुझाव लेने राज्य के समस्त महाविद्यालय, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त तथा निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भाग लेने वाले छात्रों को 'विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे। राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव एवं सदस्य के. सुब्रमण्यम ने बताया कि छात्रों को अपने निबंध 1500 से 2500 शब्दों में हिंदी अथवा अंग्रेजी में लिखने होंगे।

### निधन

## गोपीचंद खिलनानी

**रायपुर।** महावीर नगर निवासी



गोपीचंद खिलनानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जुलाई को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे लीलाराम खिलनानी के पिता थे।

# जरूरी दवाओं की सप्लाई अनियमित, कारोबारियों ने सौंपा ज्ञापन

### दवा कंपनी के डिपो के सामने प्रदर्शन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अति आवश्यक दवाओं की नियमित सप्लाई नहीं मिलने से नाराज दवा व्यापारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से लेकर खाद्य औषधि प्रशासन के अफसरों को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दवा कंपनी के डिपो के सामने प्रदर्शन भी किया है।

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ मीडिया प्रभारी एवं उपाध्यक्ष अश्विनी विग ने बताया कि अध्यक्ष ठाकुर राजेश्वर सिंह, सचिव संजय रावत, कोषाध्यक्ष वासुदेव जोतवानी के नेतृत्व में सन फार्मा के डिपो में विरोध प्रदर्शन किया गया। दवा कंपनी से मांग की गई है कि अति आवश्यक दवाओ की नियमित सप्लाई की जाए। इसमें बाधा होने के कारण अनेक जीवन रक्षक दवाओं का अभाव बाजार में हो गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले भी कंपनी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया था, मगर उनकी तरफ से गंभीरता नहीं दिखाई गई थी। दवा विक्रेता संघ ने दवा की आपूर्ति नियमित करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री, कलेक्टर और औषधि उप नियंत्रक को भी पत्र प्रेषित किया है।



औषधि उप नियंत्रक बसंत कौशिक ने बताया कि दवा कंपनी अपनी नई पॉलिसी के तहत दवाओं की सप्लाई कर रही है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि आवश्यकता को देखते हुए दवा विक्रेताओं को जरूरी दवा उपलब्ध कराई जाए। दवा कंपनी के डिपो के सामने प्रदर्शन करने वालों में अनिल सांखला, रमेश नथानी, दिनेश नथानी, उज्ज्वल जैन, महेश चिमनानी सहित अनेक लोग शामिल थे।

### एकलव्य विद्यालय के अतिथि शिक्षकों ने मांगी पुनर्नियुक्ति

# तूता के धरनास्थल पर 3 संगठनों का धरना प्रदर्शन, समर्थन देने पहुंचे पीसीसी चीफ बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रदेशभर के 74 आवासीय एकलव्य विद्यालय में से हटाये गये अतिथि शिक्षकों ने पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन किया। 3 दिवसीय ध्यान आकर्षण धरना प्रदर्शन में 5 संभाग से अतिथि शिक्षक 2 सूत्रीय मांग को लेकर राजधानी में जुटे हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ क्रेडा कलस्टर जन कल्याण संघ के आव्हान पर क्रेडा के संविदा कर्मचारी हड़ताल पर रहे। वहीं छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर रायपुर जिला के पटवारियों ने भुइंया पोर्टल में आ रही दिक्कत सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारियों को समर्थन देने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी उनके पंडाल में पहुंचे और कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना।

- पटवारियों का 32 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना
- क्रेडा के संविदा कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर



### एकलव्य विद्यालय अतिथि शिक्षक धरना



नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल में आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत 74 एकलव्य आवासीय विद्यालय में काम करने वाले 630 अतिथि शिक्षकों ने 2 सूत्रीय मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करने धरना दिया। छत्तीसगढ़ एकलव्य विद्यालय अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्राची पांडे ने बताया 630 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार ने वर्ष 2017 से प्रारंभ की है। केन्द्र सरकार द्वारा नियमित भर्ती होने से ये अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो गये हैं। इन अतिथि शिक्षकों को यथावत रखने हमने मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया, पर किसी भी प्रकार का समाधान नहीं होने से अतिथि शिक्षक आक्रोशित हैं। इनकी आर्थिक स्थिति खराब है। पिछले 10 साल से कार्यरत होने के कारण अधिकतर शिक्षकों की उम्र पार हो चुकी है। इसीलिए आवासीय एकलव्य विद्यालय में काम करने वाले अतिथि शिक्षक पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर 3 दिवसीय ध्यान आकर्षण धरना दे रहे हैं।

### 6 सूत्रीय मांग, क्रेडा के संविदा कर्मचारी हड़ताल पर

छत्तीसगढ़ क्रेडा कलस्टर जन कल्याण संघ के आव्हान पर क्रेडा के संविदा कर्मचारी अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है, प्रदेश के 28 जिलों में सेवाकर्ता के रूप में कलेक्टर दर पर 540 तकनीशियन व हेल्पर कार्यरत हैं, जिनसे नौकरी के नाम पर अनुबंध कराया जा रहा है। अनुबंध पर रोक लगाने और पूर्व में जिनकी नियुक्ति संविदा आधार पर हुई, उन सभी तकनीशियनों को संविदा आधार पर वेतन भुगतान किया जाये। प्रदेश अध्यक्ष पंकज टिकरिहा ने कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### पटवारियों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 5 हजार पटवारी अपनी 32 सूत्रीय मांग को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। प्रदेश स्तरीय आंदोलन के तहत नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर रायपुर जिले के पटवारियों ने धरना दिया। प्रदेशभर में पटवारी बस्ता बंद कर अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। भुइंया पोर्टल में आ रही दिक्कत, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने, नक्शा बटांकन करने स्पष्ट आदेश प्रसारित करने और जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना सहित अन्य मांगों को लेकर पटवारी अलग-अलग जिलों में धरना दे रहे हैं।

# चलती स्कॉर्पियो में लगी आग, बाल बाल बचा चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के पुरानी बस्ती इलाके में आधी रात को अचानक एक चलती स्कॉर्पियो में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसका चालक गाड़ी से बाहर निकलकर सिर्फ अपनी जान बचा पाया। आग बुझाने के लिए उसे मदद मांगने तक का मौका नहीं मिला। आग की भीषण लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि कुछ मिनटों में ही कार जलकर खाक हो गई।

पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 9 जुलाई की रात करीब 3 बजे की है। आदर्शनगर कुशालपुर निवासी प्रशांत ठाकुर अपनी पेट्रोल स्कॉर्पियो वाहन से अपने घर लौट रहा था। वाहन जैसे ही आदर्शनगर के पास पहुंची, तभी उसमें आग लग गई। आग की लपटें देखकर प्रशांत ने तुरंत गाड़ी रोक दी और बाहर निकल गया। बाहर निकलने के बाद आग बुझाने के लिए वह किसी से मदद मांग पाता, उससे पहले ही आग की लपटों ने वाहन को चारों तरफ घेर लिया और देखते ही देखते वाहन जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने के दौरान उस मार्ग से पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी भी गुजर रही थी। प्रशांत ने पेट्रोलिंग पार्टी की मदद से ही फायर ब्रिगेड टीम को आग लगने की सूचना दी। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक वाहन लगभग पूरी तरह से जल चुका था।

विदित हो कि चलती कार में आग लगने की इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर घटनाएं अब इलेक्ट्रिक वाहन में देखी जा रही हैं। बैटरी ब्लॉस्ट व शॉट सर्किट की वजह से गाड़ियों में आग लग रही है।

### पेज 11 के शेष

**जुलाई का पहला ...**

रफ्तार बेहद धीमी है। ऐसे में सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम से पानी लेकर शहर की 15 लाख आबादी की प्यास बुझाई जा रही है। सूत्रों के मुताबिक मानसूनी बारिश कम होने से गंगरेल डेम में गत वर्ष की तुलना में जलस्तर 7 मीटर से कम है। हालांकि रायपुर शहर के हिस्से का 3.15 टीएमसी रॉवाटर गंगरेल में हर बार की तरह इस बार भी सुरक्षित रखा गया है।

**शक्कर-नमक की...**

लेकिन जुलाई शुरू हुए 9 दिन बीत चुके हैं, लेकिन कई दुकानों में चावल के साथ शक्कर और नमक की सप्लाई तक नहीं हो पाई है, जिसके कारण हितग्राहियों को बार-बार दुकानों का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

**शाम होते ही ...**

लालपुर में इसका असर मध्यम रहा। मौसम विज्ञान केंद्र के आंकड़े के अनुसार वहां शाम के वक्त 4.8 मिमी. वर्षा रिकार्ड किया गया है। बरसात की वजह से न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट आई है। अगले चौबीस घंटे में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

**बलौदाबाजार कांडः ...**

जला दिया था, सैकड़ों वाहनों में आग लगाई गई थी। इस मामले में कईएफआईआर की जा चुकी है, करीब डेढ़ सौ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। हिंसा और आगजनी की इस घटना में 12 करोड़ रुपयों की सरकारी संपत्ति का नुकसान हुआ है। इस मामले में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव का नाम भी चर्चा में आया है। बताया गया है कि जिस दिन ये घटना हुई थी, उसके पहले बलौदाबाजार में एक सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में श्री यादव शामिल हुए थे। इस संबंध में देवेंद्र यादव ने पूर्व में बयान दिया था कि वे रायगढ़ जा रहे थे, लेकिन रास्ते में बलौदाबाजार में कुछ देर रुककर सभा में शामिल हुए, फिर रवाना हो गए थे। इस मामले में श्री यादव के खिलाफ बलौदाबाजार पुलिस ने नोटिस जारी कर उन्हें बुलाया था। बताया गया है कि व्यस्तता का हवाला देकर वे नहीं गए, लेकिन मंगलवार को पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे।

**कांग्रेसियों पर ...**

गिरफ्तार किया गया है और अब बलौदाबाजार जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शैलेन्द्र बंजारे को हिरासत में लिया गया है। राज्य की भारतीय जनता पार्टी सरकार के दबाव में पुलिस प्रशासन द्वारा कांग्रेस संगठन के समर्थक निर्दोष पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं सतनामी समाज के लोगों के साथ की जा रही पुलिसिया अत्याचार की निंदा करते हुए इस प्रकार की घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है।

**आवारा मवेशियों की ...**

स्थित जोन 10 की काऊकेचर टीम ने वीआईपी मार्ग पर 4 मवेशियों धरपकड़ की। इसके अलावा भावना नगर और चिल्फी हाइट से विधायक कालोनी मार्ग पर मवेशियों को पकड़कर गोठान पहुंचाया गया।

**कांग्रेस प्रवक्ता ...**

बुधवार को सुनवाई है।

जमानत पर आज सुनवाईः पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कोर्ट में पेश कर तीनों नेताओं को 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इधर तीनों नेताओं की ओर से वकील ने उनकी जमानत के लिए अर्जी भी लगा दी है, जिस पर बुधवार को सुनवाई होनी है।

**कृष्णा पब्लिक...**

विकास तिवारी के घर भी पहुंची थी, लेकिन उस समय वह घर पर नहीं था। इसके बाद विकास तिवारी ने स्वयं कोर्ट पहुंचकर अपनी गिरफ्तारी दी। इसके बाद पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश किया।

## बलौदाबाजार कांड, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कलेक्टर-एसपी कार्यालय में आगजनी और तोड़फोड़ मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने भीम क्रांतिवीर छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपी बंदे और भीम क्रांतिवीर उपाध्यक्ष संदीप कोसले को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर आंदोलन की तैयारी, रूपरेखा बनाने, आंदोलन के लिए अनुमति व आयोजक समिति के अहम सदस्यों के रूप में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान वीडियो, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की। अब तक इस मामले में 158 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है।

# प्रदर्शनकारी छात्रों को भेजा जेल, विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एनएसयूआई के दो नेताओं को एक दिन की रिमांड पर भेजने के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। उन्होंने गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका। एनएसयूआई का कहना है कि उनके पदाधिकारियों द्वारा नियमतः प्रदर्शन किया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों पर तोड़फोड़ की झूठी एफआईआर कराई गई है। राजीव गांधी चौक में यह प्रदर्शन किया गया।

एनएसयूआई ने अपने छात्रनेताओं की रिहाई की मांग करते हुए घंटेभर नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि गृहमंत्री विजय शर्मा के दवाब में निजी स्कूलों संग मिलीभगत के तहत हमारे नेताओं को जेल भेजा गया है। बीजेपी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए एनएसयूआई के नेताओं पर मुकदमा दर्ज कर परेशान कर रही है।



### यह है मामला

जेल भेजे गए छात्रनेताओं का कहना है कि कृष्णा किड्स स्कूल प्रबंधन की कई ब्रांच बगैर मान्यता संचालित हो रही है। इसका विरोध करते हुए शाला प्रबंधन के समक्ष बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रदर्शनकारी छात्रनेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। दर्ज एफआईआर के आधार पर एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल और प्रदेश सचिव कुणाल दुबे सहित कांग्रेस नेता विकास तिवारी को दो दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्रदर्शन में मोनू तिवारी, तारिक खान, रजत ठाकुर, गावेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### रिहाई तक आंदोलन

गिरफ्तार नेताओं ने सिर्फ निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई थी। दमनकारी नीतियों के विरोध में हम रिहाई तक आंदोलनरत रहेंगे।

-**शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

# कॅरियर निर्माण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका विषय की



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा रखे गए कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर डॉ.केपी यादव ने सफलता के लिए लगातार प्रयास एवं अनुशासन को जीवन में अनिवार्य बताया। उपयुक्त विषय का चयन करने के लिए गाइड किया। प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए सही तैयारी कैसे की जाए, इसकी जानकारी दी। बच्चों संग उनके अभिभावक भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। उन्होंने जाना कि किस तरह से बच्चों की रुचि पहचानकर उन्हें सही विषय चुनाव के लिए प्रेरित किया जा सकता है। प्रेस क्लब में यह आयोजन हुआ। स्कूली विद्यार्थियों के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को भी टिप्स दिए गए। उद्योग विभाग के ज्वॉइंट डायरेक्टर संजय गजघाटे ने विद्यार्थियों को कॉन्फिडेंस के साथ सभी परीक्षाओं के इंटरव्यू फेस करने कहा। कार्यक्रम में इस वर्ष के 10वीं एवं 12वीं के मेधावी बच्चों को मोमेंटो देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष प्रकाश रामटेके ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताया। सेमिनार में पंजाब नेशनल बैंक से पहुंचे अधिकारियों ने एजूकेशनल लोन संबंधित जानकारी दी। समाज के भोजराज गौरखेड़े, विजय गजघाटे, जीएस मेश्राम, मकरंद घोडेस्वर सहित अन्य शामिल रहे।


**ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना**

**नामांतरण प्र.क्र. 02/2024-25**
**वार्ड का नाम डुमरतराई थोक बाजार**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि डुमरतराई थोक बाजार वार्ड स्थित भवन/भूमि दुकान क्र. 23 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती शंकर लाल मोटवारी S/0 खुबचंद के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती हरीश रहेजा S/0 भागुमल रहेजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र/सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/हिब्बानामा/रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/ बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंषानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जानें।

**जोन कमिश्वर**
**जोन क्र.-10**
**नगर निगम रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र....अ/6अ वर्ष 2023-24
आरंग दिनांक 25/06/2024
ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक लता उर्फ लक्ष्मी बाघमार पति विष्णु बाघमार कास्तकार ग्राम आरंग तहसील आरंग जिला रायपुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 स्थित भूमि खसरा नंबर 2635/5 का रकबा 0.1420 हे. भूमि आवेदक लता पति विष्णु के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की उपरोक्त भूमि पैतृक भूमि है। जिस पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर लता पति विष्णु तथा शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड पर लक्ष्मी पति विष्णु दर्ज है जिसमें दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात आवेदक के ही नाम है। आवेदक द्वारा शासकीय दस्तावेज एवं आधार कार्ड के आधार पर लता उर्फ लक्ष्मी बाघमार पति विष्णु बाघमार दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश कर निवेदन किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (रा.) आरंग के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायलीय समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 10/07/2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 25/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**आरंग (छ.ग.)**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय के पत्र क्रमांक-1912 दिनांक 09.03.2009 के द्वारा नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्वतंत्र भवन क्रमांक-पी3सी/646, को श्री राजीव शर्मा पिता स्व. श्री छोटे लाल शर्मा, के नाम स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 10.02.2012 को लीजडीड (पट्टा विलेख) का निष्पादन करा लिया गया है। पूर्ण राशि जमा कर भवन का आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में श्री राजीव शर्मा पिता स्व. श्री छोटे लाल शर्मा, निवासीः - भोई पारा, वार्ड नं. 31, दुर्ग, तहसील - दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमति रीतांजली जेना पति श्री राजीब कुमार जेना, निवासीः- बांगरकुआं, पो-बरडिया, राजकनिका, बांगरकुआं बरडिया, केंद्रपडा, ओडिशा, पिन नं. 754220, को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है ।

अतः नवा रायपुर अटल नगर सेक्टर-27 में स्थित स्वतंत्र भवन क्रमांक- पीसी/ 646, के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्ध्दशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें ।अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर, अटल नगर जिला - रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे पक्षकारगण लखनु सोनवानी, लखनलाल सोनवानी, जगत सोनवानी एवं रतन सोनवानी सभी पिता श्री रामप्रसाद सोनवानी सभी निवासी ग्राम नवागांव, मंदिर हसौद जिला रायपुर (छ.ग.) के संयुक्त हक, कब्जे एवं स्वामित्व की भूमि मौजा ग्राम उमरिया, प.ह.नं.-19, रा.नि.मं. व तहसील मंदिर हसौद जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 596 रकबा 0.2100 हे. स्थित है जिसे क्रेता मेसर्स के.आर. क्रिएशन पार्टनर द्वारा श्री नवीन नागवानी, पिता श्री हर्जेश राय नागवानी, पता- माता लक्ष्मी नर्सिंग होम के सामने, अनुपम नगर, शंकर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा क्रय करने का सौदा किया गया था तदसंबंध में एक विक्रय इकरारनामा दिनांक 20.09.2023 निष्पादित की गई है। उक्त विक्रय इकरारनामा में उल्लेखित नियम शर्तो अनुसार क्रेता व्यक्ति/ फर्म के द्वारा अपने पक्ष में दिनांक 28.02.2024 के पूर्व विक्रयकृत भूमि का बैनामा पंजीयन करवाया जाना था किंतु क्रेता फर्म/ व्यक्ति के द्वारा उल्लेखित समय सीमा में बयनामा का पंजीयन नही कराया गया है। इस प्रकार क्रेता व्यक्ति/ फर्म एवं मेरे पक्षकारगण के मध्य हुए इकरारनामा स्वयमेव समाप्त हो गया है तदसंबंध में हमारे पक्षकार की ओर से एक विधिक सूचनापत्र अपने विधिक सलाहकार के माध्यम से भी दिया गया है, और थाना एवं पुलिस अधिक्षक रायपुर को भी इस आशय की सूचना दी गयी है साथ ही मेरे पक्षकार के द्वारा एक आम सूचना का प्रकाशन दैनिक समाचारपत्र "नवभारत" में दिनांक 11.04.2024 को प्रकाशित कराया जाकर उल्लेखित समय सीमा के भीतर बयनामा के पंजीयन हेतु आग्रह किया गया था, जिसके बावजूद क्रेता बयनामा का पंजीयन नही कराया। ऐसी स्थिति में व्यक्ति/ फर्म के द्वारा अपने पक्ष क्रेता व्यक्ति/ फर्म के मध्य उपरोक्त भूमि के संबंध में हुआ सौदा समाप्त हो गया है और क्रेता व्यक्ति/फर्म के द्वारा दिया गया बयाना राशि डूब गया है, अब मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति को किसी अन्य व्यक्ति, संस्था इत्यादि को विक्रय अंतरण करने हेतु स्वतंत्र एवं सक्षम है। सो सूचना जाने ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक-09.07.2024

भवदीय
**कु. अरूणा मिश्रा, अनुज मिश्रा**
**अधिवक्तागण, रायपुर**
**कार्यालयः वार्ड नंबर 6, रेलवे कालोनी, ग्राम पो. व थाना मंदिर हसौद रायपुर(छ.ग.) मो.नं. 9893130323**

**न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर 5 के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202407115600002**

विषयः- अ-6 सन :-2023-2024

**मामले की श्रेणीः- राजस्व**

डंगनिया प.ह.न. 00058 [ (हे.) ]

**पक्षकारों का विवरण** - आवेदक पक्षकार चन्द्रभूषण वर्मा पिता स्व. लखनलाल वर्मा निवासी गायत्री नगर आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने डंगनिया तहसील व जिला रायपुर,
अनावेदक पक्षकार छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्रभूषण वर्मा पिता स्व. लखनलाल वर्मा निवासी गायत्री नगर आशीर्वाद हॉस्पिटल के सामने डंगनिया तहसील व जिला रायपुर द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पिता लखन लाल वर्मा पिता रूप चंद वर्मा के स्वामित्व एवं आधिपत्य में ग्राम डंगनिया, प.ह.नं. 58, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि जिसका शीट नंबर 06 प्लाट नंबर 9/10 रकबा 1269 वर्गफुट भूमि धारित की जाती है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी लखन लाल वर्मा की मृत्यु दिनांक 29/09/2018 को हो चुका है। जिनके विधिक वारिसान (1) श्रीमती दुलारी वर्मा पति स्व. लखन लाल वर्मा (2) चन्द्र भूषण वर्मा (3) चन्द्र शेखर वर्मा दोनों के पिता स्व. लखन लाल वर्मा (4) श्रीमती सुनीता वर्मा पति राजेन्द्र वर्मा (5) श्रीमती अनिता वर्मा पति स्व. देवेन्द्र वर्मा है इसके अतिरिक्त अन्य कोई नही है का उल्लेख किया जाकर उक्त वर्णित भूमि से मृतक भूमिस्वामी का नाम राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर विधिक वारिसान की हैसियत से वारिसानो का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक का निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 26/07/2024 को होगी।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा/ आपत्ति दिनांक 26/07/2024 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय - श्रीमती गंगा पटेल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सक्ती, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**- नोटिस -**

प्रोसेस नं. 221/2024
व्यवहार वाद क्र. 09A/2019
पेशी दिनांक 07/08/2024

रेवाप्रसाद वगैरह........................ वादीगण
बनाम
गजाराम वगैरह........................प्रतिवादीगण

प्रति,
1. हरिराम, उम्र 87 साल, पिता शिवलाल, 2. लालकुमार, उम्र 65 साल, पिता दीनदयाल, 3. बिहारी, उम्र 60 साल, पिता दीनदयाल, 4. सत्यभामा, उम्र 45 साल, पति स्व. दयाराम, 5. सहसमति, उम्र 45 साल, पति स्व. तुलसीराम, 6. कलावती, उम्र 40 साल, पिता तुलसीराम, 7. चित्राकुमारी, उम्र 50 साल, पिता तुलसीराम 8. सीताराम, उम्र 65 साल, पिता शिवलाल, 9. आत्माराम, उम्र 70 साल, पिता शिवलाल, 10. पुरुषोत्तम, उम्र 50 साल, पिता ठाकुरराम, 11. चंद्रशेखर, उम्र 65 साल, पिता ठाकुरराम, 12. थाम सिंह, उम्र 60 साल, पिता डोलचंद, 13. रघुवीर, उम्र 65 साल, पिता कृपाराम, सभी जाति अघरिया निवासी ग्राम जवाली, तहसील डभरा, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)

वादी ने इस न्यायालय में प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक व्यवहार वाद दावा वास्ते स्वत्व की घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा हेतु प्रस्तुत किये है। जिसमें प्रतिवादी क्रमांक 6, 10, 11, 27, 29, 30, 31, 32, 33, 35, 36, 38, 42 की उपस्थिति हेतु नियत है।

उक्त प्रकरण में सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 07-08-2024 को दिन के 11:00 बजे होगी। अत: आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण में पैरवी करने के लिए दिनांक 07-08-2024 को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें।

दिनांक 07-08-2024 को उपस्थित न होने पर आपकी अनुपस्थिति में प्रकरण में नियमानुसार एकपक्षीय कार्यवाही कर सुनवाई की जावेगी।

यदि किसी कारण वश दिनांक 07-08-2024 को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में किया जायेगा।

यह आज दिनांक 08-07-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**श्रीमती गंगा पटेल**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी**
**सक्ती, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### अभ्यर्थियों के लिए नालंदा लाइब्रेरी में आज सेमिनार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पीएससी एवं अन्य राज्यस्तरीय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा अभ्यर्थियों के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। यह सेमिनार नालंदा प्रबंधन सोसाइटी द्वारा सेंट्रल लाइब्रेरी स्थित सेमिनार हॉल में 10 जुलाई को दोहपर 3 बजे होगा। इस सेमिनार में नालंदा लाइब्रेरी से जुड़े अभ्यर्थी भी शामिल होंगे। यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक मंजुला जैन देते हुए बताया कि सेमिनार को प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों के लेखक डॉ. गीतेश अमरोहित संबोधित करेंगे। साथ ही सेमिनार के अंत में प्रश्नकाल का विशेष सत्र भी रखा गया है, जिसमें अभ्यर्थी अपने सवाल सीधे डॉ. अमरोहित से पूछ सकेंगे।

### 10 सूत्रीय मांगें, सीएम को आज सौंपेंगे ज्ञापन

**रायपुर।** चार प्रतिशत महंगाई भत्ता सहित 10 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर प्रदेश के लाखों कर्मचारी 10 जुलाई को मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के नाम प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों एवं राजधानी रायपुर में कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। यह ज्ञापन छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के नेतृत्व में दिया जाएगा। संघ के महामंत्री उमेश मुदलियार, जिलाध्यक्ष रामचंद्र तांडी ने बताया कि विगत 6 माह पूर्व से लंबित प्रदेश के कर्मचारियों को देय तिथि से महंगाई भत्ता तथा 300 दिवस अर्जित अवकाश नकदीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त होने पर दोपहर 1.30 बजे रायपुर कलेक्टर प्रांगण में संघ के प्रदेशाध्यक्ष जीआर चंद्रा के उपसस्थिति में ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नरेश वाढ़ेर, विश्वनाथ ध्रुव, संजय शर्मा, विमलचंद कुंडू, सुनील जरोलिया, बीआर वर्मा, मनोज सोना आदि ने राजधानी के सभी विभागों के कर्मचारियों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर सहयोग देने का आग्रह किया है।

### सोसाइटी रहवासियों ने पेड़ लगाने का लिया संकल्प




**रायपुर।** कांदुल स्थित वॉलफोर्ट पैराडाइज सोसाइटी परिसर में ऑसम टीम एंड टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड ने मंगलवार को पौधारोपण किया। इस मौके पर सोसाइटी ने अवेयरनेस कैंप भी लगाया, जिसमें कॉलोनी के लोगों को पौधारोपण का महत्व समझाया गया। इसके बाद सोसाइटी के रहवासियों ने पेड़ लगाने का संकल्प भी लिया। इस मौके पर ऑसम के असिस्टेंट मैनेजर समेत सदस्य मौजूद रहे।

### शुभा को पीएचडी

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने शहर निवासी शुभा मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने कुंवर नारायण की काव्य संवेदना के आलोचनात्मक अध्ययन पर अपना शोध पूर्ण किया। शुभा ने बताया, उन्होंने अपना शोध कार्य स्व. डॉ. रेणु सक्सेना एवं डॉ. रमेश अनुपम के निर्देशन में शोध किया है। शासकीय दूधाधारी बजरंग कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उनका शोध केंद्र रहा।

## राजस्व मंत्री से मिलकर कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने सौंपा ज्ञापन

# तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर गए नायब तहसीलदार और तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

छत्तीसगढ़ में पटवारियों के बाद अब तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर जा रहे हैं। झलप में नायब तहसीलदार से मारपीट के बाद तहसीलदारों और नायब तहसीलदारों में आक्रोश है। राज्य के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले तीन दिन के सामूहिक अवकाश पर चले गए हैं। उनका कहना है, मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होंगे। मंगलवार को उन्होंने कनिष्क प्रशासनिक संघ के बैनर तले राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कार्यालय में सुरक्षा देने समेत 7 सूत्रीय मांगें रखी हैं। तीन दिन में मांगें पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है।

- मांगें नहीं मानी तो अनिश्चितकाल हड़ताल पर जाएंगे- नीलमणि दुबे
- झलप में नायब तहसीलदार से मारपीट के बाद आक्रोश

कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणि दुबे ने बताया कि पूर्व में ही तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने न्यायालय में सुरक्षा संबंधी मांग सरकार से की थी एवं पूर्व सरकार में सुरक्षा के लिए पत्र समस्त कलेक्टर को भी जारी किए गए थे, परंतु आज तक फील्ड में उसका कोई असर नहीं दिखा। आज भी न्यायालय में बैठे तहसीलदार, नायब तहसीलदारों पर असामाजिक तत्वों द्वारा हमले, मारपीट, गाली गलौज आदि की खबरें लगातार आती रही हैं। ऐसी स्थिति में नायब तहसीलदार, तहसीलदारों का न्यायालय में बैठकर काम करना मुश्किल हो गया है। पिछली सरकार में मुख्यमंत्री द्वारा नायब तहसीलदारों को राजपत्रित घोषित किया गया था, परंतु आज तक इस संबंध में कोई भी सर्कुलर जारी नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50-50 का अनुपात लागू करने की घोषणा की गई थी, वह भी अभी तक अमल में नहीं लाया गया है। एएसएलआर को पर्याप्त संख्या में नायब तहसीलदार, तहसीलदार होने के बावजूद तहसीलदार का प्रभार दिया जाता है, जिसका संघ ने विरोध किया था और बाकायदा समस्त कलेक्टरों को मंत्रालय से पत्र भी निकला था एवं एएसएलआर एसएलआर को नायब तहसीलदार, तहसीलदार ना बनाने के संबंध में निर्देश जारी किए गए थे। आज तक किसी भी मांग को पूरा नहीं किया गया है ना ही घोषित एवं निर्देशित मांगों को अमल में लाया गया है। कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ ने वेतन विसंगति, संसाधनों की कमी एवं ऑपरेटर, तहसील स्टाफ चपरासी की कमी जैसे मुद्दे शामिल किए गए हैं।

### राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी जाएंगे हड़ताल पर- दुबे

इस संबंध में छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणी दुबे ने कहा, सिविल न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था दी जाती है, वैसी सरकार हमें सुरक्षा व्यवस्था प्रदान करे। यदि सरकार हमारी मांगें नहीं मानती है, तो राजस्व विभाग के कर्मचारी पटवारी, राजस्व निरीक्षक, नायब तहसीलदार एवं तहसीलदार सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।



### पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति में सहायक ग्रेड 3 पद पर नियुक्ति की मांग को लेकर ज्ञापन आज

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ 11 सूत्रीय मांग को लेकर राजधानी के कलेक्टोरेट परिसर में 10 जुलाई को भोजन अवकाश में प्रदर्शन करेगा। संघ के प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्र के नेतृत्व में पदोन्नति, अनुंकपा नियुक्ति सहायक ग्रेड 3 पद पर नियुक्ति, मध्यप्रदेश की तरह 300 दिन के अवकाश नकदीकरण सहित अन्य मांगों लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगा। कर्मचारी संघ ने पटवारियों के प्रांतव्यापी आंदोलन का समर्थन किया है। कर्मचारी नेता विजय झा ने कहा है कि एक तरफ पटवारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन कर अपने हक की आवाज बुलंद की है। इसमें बार-बार भुईयां पोर्टल में गड़बड़ी, कंप्यूटर सुविधा न मिलने व सीधे पटवारी को दोषी मानकर कार्रवाई करने के खिलाफ शासन का ध्यान आकर्षित कराया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर 10 जुलाई को छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ प्रदेश अध्यक्ष जीआर चंद्र के नेतृत्व में सभी जिला मुख्यालय में लंबित को लेकर जिला कलेक्टरों के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## व्यापारी एकता पैनल के बैठक में जुटे प्रदेशभर से व्यापारी प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

व्यापारी एकता पैनल की प्रादेशिक बैठक राजधानी के एक निजी हॉटल में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश भर से व्यापारी प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर चैंबर के संविधान में फेरबदल को लेकर नाराजगी जताई गई। व्यापारियों को जीएसटी के नाम से परेशान करने और इसकी कार्यप्रणाली में व्याप्त खामियों को चर्चा हुई। जिसमें जीएसटी को लेकर आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया गया। व्यापारी एकता पेनल की ओर से 15 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा, इसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी तो जीएसटी कार्यालय के सामने बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा।

- जीएसटी को लेकर करेगा बड़ा आंदोलन का ऐलान
- कार्यप्रणाली सुधारने 15 दिन का देंगे अल्टीमेटम

व्यापारी एकता पैनल की आज बड़ी बैठक राजधानी में हुई। मंच संचालन योगेश अग्रवाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष ने सभी का किया। और बैठक चैंबर चुनाव की भूमिका पर प्रकाश डाला।




श्रीचंद सुंदरानी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आरोप लागया कि पिछले तीन साल में चैंबर को पंगु बना दिया गया, व्यापारियों की आवाज दबाने की कोशिश की गई है। यूजर चार्ज के मामले में चैंबर अध्यक्ष कैंप लगाकर यूजर चार्ज जमा करवाते रहे। जीएसटी से लोगों की परेशानी बढ़ी पर चैंबर ने इस ओर कोई खास ध्यान नहीं दिया।

बैठक में राजनांदगांव से आये चैंबर के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने व्यापारियों को संगठित होकर व्यापारी एकता पैनल को मजबूत बनाने अपील की । व्यापारी एकता पैनल से सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी, महासचिव प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन का सम्मान किया गया।

बैठक में अपनी बात रखते हुए राजेश वासवानी ने कहा 3 साल के कार्यकाल में चैंबर ने व्यापारी हित की अनदेखी की। बेमेतरा काण्ड में व्यापारी छः माह जेल में रहे इससे ज्यादा बुरा व्यापारियों के साथ नहीं हो सकता ।

प्लास्टिक संघ के निर्माता संतोष जैन ने कहा की ये होलसेल कॉरीडोर दिव्य स्वप्न है, धोखा है हमने अपने बलबूते पर 115 व्यापारियों को रायपुर विकास प्राधिकरण से भूखंड दिलवाया ।

### ये रहे शामिल

बैठक में छगन मूंदड़ा, धमतरी के व्यापारी नेता नरेन्द्र रोहड़ा अनिल अग्रवाल, बिलासपुर से डीडी आहूजा, रूपचंद डोडवानी दुर्ग से विनीत जैन, राजनंदगांव से हसमुख भाई रायचा, ज्ञानचंद बाफना,अनिल नचरानी मुरली केवलानी सुशील अग्रवाल खूबचंद पारख संजय रूंगटा हरख मालू कमल सोनी प्रकाश गोलछा हर्षवर्धन जैन आनंद चोपकर कन्हैया अग्रवाल, चेतन तारवानी राजू भाई तारवानी महेंद्र आहूजा जितेंद्र बड़वानी सुदेश मध्यान शालिग्राम नागोलिया दीपक कृपलानी दिनेश अठवानी वासु जोतवानी प्रहलाद शादीजा अमर गुरनानी दौलत परयानी जीतेन्द्र बड़वानी सुदेश मंधान रमेश मंधान, लख्मशी पटेल लालचंद गुलवानी संतोष जैन परसराम सचदेव सुदामा बत्रा तेज कुमार बजाज राजेश छुगानी हार्दिक पटेल आरिफ बेग मंजुल मयंक श्रीवास्तव रोशन हबलानी महेश वाधवानी अशोक मलानी राजेश गुरनानी, राजकुमार राठी शामिल हुए।

## कैट ने सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कैट के सीजी चैप्टर ने उनके उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं दी।

- प्रदेश कार्यालय में सम्मान समारोह राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने किया

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी ने बताया छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन का चुनाव हुआ था जिसमें अध्यक्ष पद पर कमल सोनी महासचिव पद पर प्रकाशचन्द गोलछा कोषाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन जैन ने चुनाव जीता। इसी परिपेक्ष्य गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन के सम्मान समारोह में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इनमें अमर पारवानी, परमानंद जैन, विक्रमसिंहदेव, अमर गिदवानी, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, विजय पटेल, अजय तनवानी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

## गरीबी रेखा प्रमाणपत्र बनाने लिया शुल्क कोंडागांव नगर पालिका सीएमओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन ने कोंडागांव नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र पात्रे को नोनी सुरक्षा योजना के लिए गरीबी रेखा प्रमाणपत्र बनाने 500 रुपए का शुल्क लेने के आरोप में निलंबित कर दिया है। नगरीय निकाय विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कलेक्टर कोंडागांव द्वारा नोनी सुरक्षा योजना के तहत गरीबी रेखा प्रमाणपत्र दिए जाने को लेकर मिली शिकायत की जांच की गई थी। जांच रिपोर्ट के बाद यह कार्रवाई की गई है। बताया गया है कि नगर पालिका परिषद की बैठक 7 मार्च और 13 जून की बैठक की कार्यवाही विवरण में नोनी सुरक्षा योजना के तहत 500 रुपए लिए जाने का उल्लेख नहीं है। बताया गया है कि नगर पलिका अधिनियम में नोनी सुरक्षा योजना के तहत गरीबी रेखा का प्रमाणपत्र दिए जाने किसी तरह के शुल्क लेने का प्रावधान नहीं है। उसके बाद भी मुख्य नगर पालिका के द्वारा यह शुल्क लिया गया। उन्हें जिम्मेदार मानते हुए निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनको मुख्यालय संयुक्त संचालक कार्यालय नगरीय निकाय जगदलपुर मेंअटैच किया गया है।

- नगरीय निकाय विभाग ने जारी किया आदेश




## पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में संभागीय खेलकूद स्पर्धा शुरू



**रायपुर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय रायपुर नंबर-1 में मंगलवार से 53वें संभागीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत की गई। यह प्रतिस्पर्धा 9 से 11 जुलाई तक लगातार चलेगी। इस प्रतियोगिता में रोप स्किपिंग, टेबल टेनिस बालक बालिका आयुवर्ग 14, 17, 19 और योगासन में केवल बालक आयुवर्ग 14, 17, 19 की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 20 केंद्रीय विद्यालयों से इन विधाओं के बालक और बालिका में अलग-अलग आयुवर्ग के लगभग 171 बच्चे अपने 30 अनुरक्षक शिक्षकों के साथ आए हुए हैं। इस खेलकूद प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि दक्षिण मध्य रेलवे रायपुर संभाग के महाप्रबंधक संजीव कुमार एवं विशेष अतिथि के साथ आयोजन पर्यवेक्षक स्कूल प्राचार्य बीएस अहिरे उपस्थित रहे।

## महिलाओं ने किया विरोध प्रदर्शन कलेक्टर डॉ. गौरव को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर (चोपरा) में युगल के साथ बर्बरतापूर्ण घटना से अत्यंत व्यथित होकर तथा महिलाओं के साथ हो रहे अनुचित एवं असभ्य व्यवहार के विरोध में राजधानी की महिलाओं ने गृहमंत्री के नाम कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन नारायणी नारी समूह के नेतृत्व में मंगलवार को महिलाओं के विविध समूह ने दिया। रायपुर कलेक्टर स्वयं उस स्थान पर पहुंचे, जहां नारायणी नारी समूह की सदस्य अपना विरोध प्रदर्शित कर रही थीं। इस मौके पर नारायणी नारी समूह के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों से आई महिलाओं ने पश्चिम बंगाल की घटना की निंदा की, जिसमें महिला अधिवक्ता, चिकित्सक, शिक्षिका, समाजसेवी, गृहणियां और स्वसहायता समूह की सदस्य शामिल हुईं। सीनियर सिटीजन अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे, पश्चिम बंगाल के इस विषय की जानकारी मिलने पर वे महिलाएं भी सम्मिलित हुईं।

- नारायणी नारी समूह की बहनों ने पश्चिम बंगाल की घटना की निंदा की

## बिजनेस साइट

## बैंक ऑफ इंडिया का समझौता दिवस कल




**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया देशभर में अपनी सभी शाखाओं, अंचल और एफजीएमओ में एकमुश्त समझौता (ओटीएस) के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का निपटान करने के लिए कल गुरुवार को समझौता दिवस का आयोजन कर रहा है। समझौता दिवस विशेष रूप से उन एनपीए उधारकर्ताओं के लिए आयोजित किया गया है, जो उधारकर्ता व्यवसाय/चिकित्सा स्थिति में परेशानी या किसी अन्य वास्तविक कारण के कारण समय पर अपना ऋण नहीं चुका सके। बैंक के पास छोटे मूल्य के खातों और मध्यम आकार के खातों के निपटान के लिए विशेष ओटीएस योजनाएं हैं, जिसके माध्यम से एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष और अच्छी छूट की सुविधा है।

- एकमुश्त समझौता के तहत उधारकर्ताओं के एनपीए ऋण खातों का होगा निपटान

उठावना एवं शोक निवारण



स्व.श्रीमती विजयादेवी मारू
(धर्मपत्नी-स्व. सुरेन्द्र कुमार जी मारू,बड़नगर वाले )

मेरी भाभीसा एवं सुबोध – रितु मारु व Dr. सारिका – Dr भरत जी सिंघानिया की माताजी,
संदीप, सुदीप, जितेन्द्र, गौरव की काकी सा. सौम्या—शौर्यजी व अक्षरा की दादीजी
का अरिहंत शरणम सोमवार दिनांक 08 जुलाई 2024 को हो गया है।
जिनका कार्यक्रम निम्नानुसार रखा गया है...

उठावना एवं शोक निवारण
बुधवार 10 जुलाई 2024, सुबह 10.30 बजे
स्थान -पंजाब अरोड़वंशिय, नाथ मंदिर रोड,इंदौर

पिहर पक्ष मेहता परिवार करजु वालो का भी उठावना साथ रहेगा।


- शोकाकुल -
निर्मल कुमार मारू,सुबोध कुमार मारू
लालाजी तोलाराम, बड़नगर-इंदौर
मेहता परिवार करजु वाले



आभासी दुनिया से बाहर निकालकर ...

## लाइव इवेंट

### इंजीनियरिंग छात्रों ने जानी रोबोट कंट्रोल की तकनीक



**रायपुर।** एनआईटी द्वारा कोडिंग और रोबोटिक्स पर बूटकैंप आयोजित किया गया। बूटकैंप के पहले दिन की शुरुआत प्रतिभागियों को रोबोटिक्स और इसके एप्लीकेशन का परिचय दिया गया, उन्हें माइक्रो कंट्रोलर की विशेषताओं से परिचित कराया गया और बुनियादी इलेक्ट्रॉनिक घटकों के बारे में जानकारी दी गई। दूसरे दिन प्रोग्रामिंग परिचय पर सत्र आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने कंडीशनल स्टेटमेंट्स और फंक्शन की मूल बातें सीखीं। सत्र में मॉड्यूलर प्रोग्रामिंग को भी शामिल किया गया। तीसरे दिन ओब्सटेकल अवोइडिंग रोबोट, ब्लूटूथ नियंत्रित रोबोट और लाइन फॉलोइंग रोबोट बनाना सिखाया गया। चौथे दिन प्रतिभागियों ने ब्लूटूथ नियंत्रित रोबोट और लाइन फॉलोइंग रोबोट बनाना जारी रखा। अंतिम दिन सामान्य समस्याओं का निवारण करना, डिबगिंग तकनीक सीखना और अपनी परियोजनाओं का प्रदर्शन करना शामिल रहा।

#### शिक्षा के क्षेत्र में रोबोटिक्स का बढ़ रहा है महत्व

*डॉ.प्रदीप सिंह ने बताया कि आज के समय में विभिन्न क्षेत्रों जैसे मेडिकल रोबोट, इंडस्ट्रियल रोबोट एजूकेशनल रोबोट इत्यादि में रोबोटिक्स का निरंतर महत्व बढ़ रहा है। इसे विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस वर्कशॉप से सभी प्रतिभागियों को इस क्षेत्र का उत्तम ज्ञान प्राप्त करने में मदद मिली। इसके बाद सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए गए, जिसके बाद प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस बूट कैंप में 15 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।*

● कृषि विवि का मत्स्य विभाग बांग्लादेश, नेपाल समेत अफ्रीका व वियतनाम के किसानों को दे चुका है ट्रेनिंग

# कृषि विवि में विदेश के किसान भी सीख रहे मत्स्य पालन पांच वर्षों में 19 राज्यों के 1200 ने शुरू किया व्यापार

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में मत्स्य पालन को लेकर हर साल विशेष ट्रेनिंग दी जाती है, जो अब युवाओं और किसानों के लिए अब काफी मददगार साबित हो रहा है। विवि मछली पालन की स्किल को डेवलप करने की ट्रेनिंग देता है, जिसकी मांग केवल छत्तीसगढ़ में ही नहीं देश और विदेशों में भी है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. सौगत सास्मल ने हरिभूमि को बताया कि बीते 5 सालों में कृषि विवि के जरिए 1200 से युवाओं समेत किसानों को मत्स्य कृषि की ट्रेनिंग दी है। प्रशिक्षण में उन्हें मछली उत्पादन करने के साथ ब्रीडिंग, बाजार में इसे बेचने, इससे आमदनी बढ़ाने सहित पूरी जानकारी दी गई।

**रायपुर।** अक्सर मछली पालन को लेकर लोगों के मन में सवाल होता है कि इसके लिए बड़ा तालाब होना चाहिए। लेकिन ट्रेनिंग में बताया जाता है कि मत्स्य पालन की शुरुआत छोटी जगह से भी की जा सकती है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद कई युवाओं ने पानी टंकी से शुरुआत की है, जो आज सफल मत्स्य कृषक बन चुके हैं। किसानों ने खेत को तालाब बनाकर बड़े स्तर पर पालन करना शुरू किया है, जिनकी मछली ओडिशा, कोलकाता और नागपुर समेत अन्य राज्यों में जाती है।



### बांग्लादेश और नेपाल से पहुंचे किसान

*पांच सालों में कृषि विवि बांग्लादेश और नेपाल, ऑफ्रीका समेत वियतनाम के चार किसानों को मत्स्य पालन को लेकर ट्रेनिंग दे चुका है। प्रभारी ने बताया कि विदेशी किसानों ने ब्रीडिंग के साथ मछली का पालन कैसे किया जाता है इसकी पूरी प्रक्रिया को सीखा है। विदेश में मछलियों की कीमत हमारे देश से अधिक है, इसलिए मत्स्य पालन से अच्छी कमाई होती है। प्रशिक्षण में कम लागत और आसान तरीके से मत्स्य पालन की ट्रेनिंग देते हैं, जो विदेशी किसानों को काफी पंसद आया। वर्तमान में चार देश के किसान अपने क्षेत्र में एक कृषक के रूप में काम कर रहे हैं।*



### 1 लाख से अधिक मछलियां हो चुकी हैं तैयार

*विभाग में फिश टैंक की कमी को दूर करने के लिए चार लाख के प्रोजेक्ट के तहत चार बड़ी फिश टैंक, पांच छोटी फिश टैंक का निर्माण किया गया है। बड़े स्तर की रंगीन मछलियों को इन फिश टैंक में रखा गया। केंद्र में 1 लाख से अधिक मछलियां तैयार हो चुकी हैं। कृषि वैज्ञानिकों ने रंगीन मछलियों पर शोध और ब्रीडिंग कर मछलियों का जीवन बढ़ाया है, जो मछलियां पहले 4 से 5 महीने तक जीवित रहती थीं, अब एक्वेरियम में साल भर से अधिक जीवित रह सकती हैं।*





राष्ट्रीय मत्स्य कृषक दिवस आज

### मछलियों की बीमारी सहित सभी तरह की जानकारी

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय ने बायोफ्लाक एवं सेमी बायोफ्लाक तकनीक से मत्स्य पालन करने में देश में और देश के बाहर सफलता हासिल की है। प्रशिक्षण 5 से 7 दिनों का मिलता है, जिसके लिए देशभर से लोग शामिल होते हैं। अभी तक 19 राज्यों से 1200 किसान मत्स्य पालन की ट्रेनिंग ले चुके हैं। प्रशिक्षण में बताया जाता है कि मछलियों में सबसे ज्यादा बीमारी पानी में से पनपती हैं। अगर मछलियों को सामान्य बीमारी भी होगी तो उसकी वजह पानी ही होगा। अगर गर्मी के मौसम में तालाब का पानी ज्यादा गर्म हो गया तो मछली बीमार हो जाएंगी। पानी ठंडा ज्यादा हो गया तो मछली बीमार हो जाएंगी और अगर बरसात के दौरान तालाब का पानी प्रदूषित हो गया तो और ज्यादा खतरनाक हालात पैदा हो जाते हैं। सबसे बड़ी परेशानी ये भी है कि तालाब में अगर एक मछली को बीमारी जकड़ती है तो दूसरी मछलियां भी उसकी चपेट में आ जाती हैं।

### दूसरे राज्यों को सस्ती दर पर मिल रही मछलियां

रायपुर में 50 से अधिक किसान आज मत्स्य पालन कर रहे हैं, जिनकी विदेशी प्रजातियों की मछली बेंगलुरू, मुंबई, गुजरात समेत अन्य राज्यों तक जाती है। कृषि विवि के मत्स्य विभाग ने विदेशी मछलियों की ब्रीडिंग कराकर उत्पादन शुरू किया है, तब से विदेशी कई प्रजातियों की रंगीन मछलियां सस्ती दर पर विभिन्न राज्यों को मिलने लगी है। रोहू, कतला, मृगल जैसी लोकल मछलियों के झुंड तैयार करने के साथ रंगीन मछली की पैदावार की जा रही है। शहर में रंगीन मछली का बाजार हर साल रफ्तार से बढ़ रहा है। मौजूदा समय में विभाग में गोल्ड फिश, ओरानडा, काले मोर, मलीना कार्फ, मिल्की फिश, टाइगर बार्ब, मौली, गप्पी, सोइटेल आदि मछलियां उपलब्ध हैं।

## सिटी इवेंट

### बच्चों में शिक्षा ग्रहण करने की अपार शक्ति, खुद को पहचानें



**रायपुर।** पंडित गिरिजा शंकर मिश्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। बच्चों ने इस मौके पर नवाचार आधारित प्रदर्शनी भी लगाई। वन मंत्री केदार कश्यप ने नौनिहालों को तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर शाला प्रवेश कराया। उन्होंने इस मौके पर बच्चों को शाला गणवेश तथा पाठ्यसामग्री वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि बच्चों में अपार क्षमता है। शासकीय स्कूल के बच्चे कठिन परिस्थितियों के बाद भी बेहतर परिणाम ला रहे हैं। यह हम सबके लिए यह खुशी की बात है। कि बच्चे लगन और ईमानदारी से शिक्षकों के आदर्श में चलकर शिक्षा ग्रहण कर अपने मां-बाप के सपनों को साकार करें, बच्चों को हताश-निराश होने की जरूरत नहीं है। समय को ध्यान रखते हुए खेलने के समय खेलें और पढ़ाई के समय पढ़ाई करें।

#### निजी से बेहतर परिणाम शासकीय विद्यालयों में

विधायक मोतीलाल साहू ने कहा, सरकारी स्कूल के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आज प्राइवेट स्कूल से बेहतर परीक्षा परिणाम शासकीय स्कूलों में आ रहा है। शासकीय स्कूलों में प्रवेश के लिए भीड़ लगी है, इससे शासकीय स्कूलों का महत्व और गुणवत्ता अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कम सुविधाओं और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी बेहतर परिणाम सराहनीय है। बच्चों को भी लगन और ईमानदारी से शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। विधायक अनुज शर्मा ने कहा, सरकारी संस्थान में पढ़े-लिखे ज्यादा संस्कारी होते हैं। आपको भी किसी प्राइवेट स्कूल के विद्यार्थियों को देखकर अपने आप को कमजोर आंकने की जरूरत नहीं है।




### बुजुर्गों के नाम रोपे पौधे

**रायपुर।** रामगढ़िया सेवक सभा ने ग्रीन आर्मी एवं महिला विंग के सहयोग से कई प्रकार के पौधे समाज के बुजुर्गों के नाम से रोपे गए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा, रंजीत सिंह, चरणजीत सिंह, मलकीत सिंह, जरवाना सिंह, ओंकार सिंह, हरशरण कौर, कवलजीत कौर, प्रीति कौर, अंशु राणा व अन्य उपस्थित रहे।

#### विधि विवि की नई बैच को न्यायाधीशों और प्राध्यापकों ने किया संबोधित

# वकीलों का कार्य न्याय प्रणाली बनाना, विविधता का हो सम्मान

**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय ने 2024 बैच के फ्रेशर्स के लिए इंडक्शन प्रोग्राम रखा। सात दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन 'ज्यूरिस्ट्स स्पीक' कार्यक्रम रखा गया। शुरुआत कुलपति प्रो.वीसी विवेकानंदन के संबोधन के साथ हुई। उन्होंने नए बैच को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के अलावा विविधता का सम्मान करने के लिए अपने दृष्टिकोण को व्यापक बनाने प्रेरित किया। उन्होंने अपनी टिप्पणी में कहा कि यह प्रोफेशन न केवल शिक्षार्थियों को सशक्त बनाता है, बल्कि अपनी सेवाओं के माध्यम से उन लोगों को भी सशक्त बनाता है जो अक्षम हैं। अगर इंजीनियर शहरी प्रणाली का निर्माण करते हैं, तो डॉक्टर प्रतिरक्षा प्रणाली का निर्माण करते हैं। इसी तरह वकीलों को 'न्याय प्रणाली' बनाने की जरूरत है।



### दिमाग और दिल के केंद्र में हो कानून

प्रो.आर.वेंकट राव ने कहा, संविधान हर विधि छात्र के दिमाग और दिल के केंद्र में होना चाहिए। उनका लक्ष्य विधि के शासन को जीवन का एक तरीका बनाना होना चाहिए। रजिस्ट्रार डॉ. विपन कुमार ने स्वागत भाषण दिया। सप्ताह भर चलने वाले इंडक्शन कार्यक्रम में छात्रों के साथ संयुक्त संगीत संध्या, स्वास्थ्य ब्रीफिंग, खेल सहित कई अन्य आयोजन भी होंगे।

### सबसे महत्वपूर्ण कार्य सच्चाई को कायम रखना

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एचएनएलयू के प्रतिष्ठित न्यायविद प्रोफेसर और भारत के विद्वान अटॉर्नी जनरल आर.वेंकटरमणी ने अपने संबोधन में कहा, भारत के सांस्कृतिक मूल्य उच्च शिक्षा के प्रत्येक संस्थान में परिलक्षित होता है। एक वकील के आवश्यक गुणों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण कार्य सच्चाई को कायम रखना है। उन्होंने कानून को स्वतंत्रता का मार्ग बताया। प्रोफेसर रणबीर सिंह ने कहा, कुछ दशक पहले, उनकी तरह, कई लोग संयोगवश कानून पाठ्यक्रमों में शामिल हो गए थे, लेकिन राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों के आगमन के साथ यह संयोग के बजाय चुनाव हो गया है।

# इनर व्हील क्लब : पुराने सदस्यों ने नए पदाधिकारियों को सौंपा जिम्मा



**रायपुर।** वृंदावन हॉल में इनर व्हील क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रुप में डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रेखा जैन,मंजुला श्रीमाल और जागृति दोषी उपस्थित रहे। प्रदेशभर में क्लब की पांच अन्य शाखा है, जिनके अध्यक्ष एवं सचिव भी इस आयोजन में शामिल हुए। इस वर्ष 2024-25 में पूजा जैन को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई, जिन्होंने अन्य सदस्यों को शपथ दिलाई। प्रबंधक प्रियंका मिश्रा ने बताया, समारोह के दौरान 40 से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। पूर्व सदस्यों ने मिलकर नवीन सदस्यों को पद सौंपा। साथ ही शपथ ग्रहण के दौरान बैच पहनाकर सम्मानित किया गया। साल 2024-25 के लिए सचिव शीला गुप्ता, कोषाध्यक्ष संगीता गोयल, उपाध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, एडिटर रुचिता राव, आईएसओ नेहा अग्रवाल और सेक्रेटरी अल्का गुप्ता को बनाया गया। इस दौरान नवीन सदस्यों ने सालभर की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी सदस्यों को साझा की, साथ ही क्लब में भी नए नदस्यों को जोड़ा गया।

दो महीने के ब्रेक के बाद फिर सुनाई दे रही शहनाई की गुंज, 17 जुलाई तक शुभ मुहूर्त

# दूल्हे को बारिश से बचाने वाटर प्रूफ छत वाली बग्घी की बुकिंग, उमस से राहत देने के लिए साथ चलेंगे कूलर

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शुभ विवाह मुहूर्त पर लगा दो महीने का ब्रेक अब खत्म हो गया है। 8 से 17 जुलाई तक 10 दिन शहर में बड़ी संख्या में विवाह होंगे। इसके लिए मैरिज गार्डन समेत बारात के लिए बैंड-बाजों की बुकिंग पहले ही हो चुकी है। चूंकि इस समय बारिश के साथ उमस भरी गर्मी पड़ रही है, ऐसे में दूल्हे को बारिश में भीगने से बचाने के लिए घोड़ों के साथ ही मंडप बग्घी की बुकिंग को प्राथमिकता दी जा रही है। बैंड के संचालक सुरेश बंजारे ने बताया, जिन लोगों का बजट ठीक होता है, वे 2 हजार रुपए में घोड़ा बुक कराने के बजाय 8 हजार रुपए में बग्घी बुक करा रहे हैं, जिसमें 2 घोड़े रहते हैं। बारिश की संभावना को देखते हुए इस बग्गी पर 6 बाई 8 की एक वाटर प्रूफ छत बनी होती है। इस छत पर आकर्षक सजावट भी होती है। 4 लोग बग्घी के साथ चलते हैं। 10 हजार रुपए अतिरिक्त लिए जाते हैं। बारिश के सीजन के लिए तैयार होने वाली खास बग्घी के लिए 18 हजार रुपए तक खर्च करने में वर पक्ष पीछे नहीं हट रहे हैं।



### चलित कूलर की बढ़ी बुकिंग

उमस से बारातियों राहत देने के लिए भी चलित कूलर की बुकिंग भी कई लोग कर रहे हैं। कूलर का खर्चा 2 हजार रुपए प्रति कूलर की दर से होता है। बैंड वालों ने बारिश के कारण बारात में साथ चलने के लिए लाइटों को भी पॉलीथिन से ढकने का इंतजाम रखा है। साथ ही श्रमिकों को भी प्लास्टिक के दस्ताने दिए जाए रहे हैं। बैंड व्यवसायियों ने बताया कि 12 नवंबर से पुनः शादी शुरू होंगे, जिसके लिए अभी से बुकिंग शुरू हो गई है। नवंबर में शादी के मुहूर्त में अच्छे कारोबार की उम्मीद व्यापारी कर रहे हैं।

### 10 दिन में करीब 50 शादियां

इस 10 दिन में शहर में 50 से अधिक शादियां होने की संभावना है। शहर में छोटे-बड़े मिलाकर करीब 150 बैंड व डीजे संचालक हैं। विवाह के मुहूर्त के दिनों में बुकिंग फुल हो चुकी है। दूसरी ओर सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स व ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी शादियों को लिए बाजार में खरीदारी करने वालों की संख्या अन्य दिनों की तुलना में अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक्स में गर्मी को देखते हुए शादियों के लिए कस्टमाइज्ड पैकेज बनाए जा रहे हैं। लोग अब विवाह पैकेज में एसी भी शामिल कर रहे हैं। शादी संबंधित व्यवसाय से जुड़े कारोबारी जुलाई की तुलना में नवंबर-दिसंबर में अधिक कारोबार की उम्मीद कर रहे हैं।



## एजूकेशन अपडेट

# सीए इंटर के लिए आवेदन शुरू मार्च में आयोजित होगी परीक्षा




**रायपुर।** इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (आईसीएआई) ने सितंबर 2024 सत्र के लिए (सीए) इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए परीक्षा फॉर्म जारी कर दिया है। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट- icai.org पर जाकर अपना परीक्षा फॉर्म भर सकते हैं। सितंबर सत्र की परीक्षाओं का आयोजन 12 से लेकर 23 सितंबर तक किया जाएगा। सीए फाउंडेशन परीक्षा परिषद द्वारा अधिसूचित योजना में निहित पाठ्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएगी। परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवार का एक मई 2024 तक या उससे पहले फाउंडेशन कोर्स में पंजीकृत होना आवश्यक है। आवेदन करने के लिए सबसे पहले उम्मीदवार को आधिकारिक वेबसाइट eservices.icai.org पर जाना होगा। इसके बाद अपने लॉगिन क्रेडेंशियल्स की मदद से साइन-इन करके आवेदन भर सकते हैं।

### जीपीएटी के परिणाम पीडीएफ फॉर्मेट में जारी

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस की ओर से ग्रेज्यूएट फार्मेसी एप्टिट्यूड टेस्ट रिजल्ट की घोषणा कर दी गई है। रिजल्ट पीडीएफ फॉर्मेट में जारी किया गया है। रिजल्ट जारी होने के साथ ही इस टेस्ट के लिए फाइनल आंसर-की भी जारी कर दी गई है। सभी उम्मीदवारों के स्कोर कार्ड पृथक से 14 जुलाई या इसके बाद डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इसके बाद अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट **natboard.edu.in** जाकर इसे डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवारों की जानकारी के लिए बता दें कि बोर्ड की ओर से प्रश्न पत्र में 3 प्रश्नों को छोड़ दिया गया है। इन प्रश्नों को टेक्निकल एरर के चलते ड्रॉप किया गया है। इन प्रश्नों के लिए सभी उम्मीदवारों को पूरे अंक प्रदान किए गए हैं।

## एग्जाम लाइव

# क्लैट के लिए आवेदन 15 से 2 दिसंबर को होगी परीक्षा




**रायपुर।** लॉ क्षेत्र में ग्रेज्यूएशन एवं पोस्ट ग्रेज्यूएशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रतिवर्ष कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया जाता है। सत्र-2025 में एडमिशन के लिए कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की ओर से नोटिफिकेशन जारी कर आवेदन तिथियां घोषित कर दी गई है। अधिसूचना के मुताबिक, क्लैट 2025 के लिए एप्लिकेशन प्रॉसेस 15 जुलाई से शुरू हो जाएगी। 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड लॉ डिग्री एवं एक वर्षीय पीजी प्रोग्राम एलएलएम करने की चाह रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन शुरू होते ही ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट consortiumofnlus.ac.in पर जाकर भर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट 15 अक्टूबर तय की गई है।

### एक शिफ्ट में होगी परीक्षा

आवेदन पत्र भरने के साथ निर्धारित शुल्क जमा करना आवश्यक है, तभी फॉर्म स्वीकार किया जाएगा। जनरल एवं ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों को शुल्क के रूप में 4000 रुपये और एससी/ एसटी वर्ग के अभ्यर्थियों को 3500 रुपये का भुगतान करना होगा। क्लैट 2025 एडमिशन टेस्ट का आयोजन 2 दिसंबर 2024 को एक शिफ्ट में करवाया जाएगा। परीक्षा की टाइमिंग दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक रहेगी। परीक्षा का आयोजन ऑफलाइन माध्यम से किया जाएगा।

### यह है पात्रता

5 वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का किसी भी स्ट्रीम से 12वीं या इंटरमीडिएट न्यूनतम 45 फीसदी अंकों के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को पास प्रतिशत में 5 फीसदी अंकों की छूट दी गई है। इसके अलावा पीजी प्रोग्राम में प्रवेश के लिए एलएलबी डिग्री 55 प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त की हो। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों ने यह डिग्री 50 फीसदी अंकों के साथ हासिल की हो। क्लैट 2025 में आवेदन के लिए किसी भी प्रकार का आयु बंधन नहीं है।

## एडमिशन अलर्ट

# आईआईटी से मास्टर्स के लिए परीक्षा अगले वर्ष फरवरी में




**रायपुर।** आईआईटी से मास्टर्स कोर्स करने के इच्छुक स्टूडेंट्स के लिए अपडेट जारी किया गया है। देश भर के विभिन्न भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में संचालित होने वाले विभिन्न विषयों में एमएससी, एमएससी (टेक), एमएससी (रिसर्च), एमएससी-एमटेक ड्युअल डिग्री, ज्वाइंट एमएससी-पीएचडी, एमएससी-पीएचडी ड्युअल डिग्री कोर्सेस में अगले साल दाखिले के लिए आयोजित किए जाने वाले आईआईटी ज्वाइंट एडमिशन टेस्ट फॉर मास्टर्स (आईआईटी जैम) 2025 के आयोजन की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को परीक्षा पोर्टल पर विजिट करना होगा।

### आईआईटी दिल्ली ले रहा परीक्षा

इस बार की परीक्षा का आयोजन कर रहे आईआईटी दिल्ली द्वारा जारी अपडेट के अनुसार, आईआईटी जैम 2025 का आयोजन 2 फरवरी (रविवार) को किया जाएगा। यह परीक्षा केमिस्ट्री, जियोलॉजी, मैथमेटिक्स, बॉयोटेक्नोलॉजी, इकनॉमिक्स, मैथेमेटिकल स्टैटिस्टिक्स और फिजिक्स सब्जेक्ट के पीजी व पीएचडी कोर्स में दाखिले के लिए आयोजित की जाएगी। इसमें वे ही स्टूडेंट्स सम्मिलित हो सकेंगे, जो कि संबंधित विषय में स्नातक डिग्री या तो उत्तीर्ण कर चुके हैं या अंतिम वर्ष या सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे हैं। ऐसे छात्र-छात्राओं को इस प्रवेश परीक्षा के लिए अपना पंजीकरण ऑनलाइन करना होगा।

---

**● निजी विद्यालय अपने स्तर पर संचालित कर रहे सामाजिक कार्य, परिजन भी कर रहे मदद**

# आभासी दुनिया से निकालकर छात्रों को सामाजिक बनाने सप्ताह में एक दिन सामाजिक गतिविधियां

परिवार के बाद विद्यालय ही एकमात्र ऐसा स्थान है, जहां बच्चे सबसे अधिक वक्त बिताते हैं। यहां बच्चों को शिक्षा के साथ सामाजिक गतिविधियों एवं संस्कार के कई पहलुओं से जोड़ा जाता है। परिवार के सदस्यों के बाद विद्यालय परिसर में उपस्थित शिक्षक एवं प्रबंधकों की जिम्मेदारी होती है कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास पर कार्य करे।

**रायपुर।** कोरोना के बाद छात्र मोबाइल सहित अन्य तरह के स्क्रीन में अधिक समय बीताने लगे हैं। इस लत को दूर करने और छात्रों को सामाजिक रूप से सक्रिय बनाने स्कूलों में पढ़ाई के साथ अन्य गतिविधियां भी नए सत्र से शेड्यूल की गई है। कुछ विद्यालयों में बीते सत्र से इसकी शुरुआत की गई है तो कुछ स्कूलों में मौजूदा सत्र से इसकी शुरुआत की जा रही है। शाला प्रबंधन के अनुसार, विगत कई साल से विद्यालय में नई एक्टिविटी को जोड़ा जा रहा, इसमें बच्चों को सामाजिक गतिविधियों में शामिल कराया जाता है। शहर स्थित कई विद्यालय में अनेक प्रकार के कार्य प्रत्येक वर्ष कराए जाते हैं। वहीं प्रत्येक वर्ष एक नई योजना के अंतर्गत कार्य किया जाता है। जिससे छोटे से लेकर बड़े बच्चों को अपने व्यवहार एवं जिम्मेदारियों को समझने का मौका मिल सके।



### साल भर चलाएंगे स्वच्छता अभियान

वीर क्षत्रपित शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल के डायरेक्टर मुकेश शाह ने बताया, बच्चों में संस्कार, करुणा, संवेदना एवं बड़े-बुजुर्ग के प्रति सम्मान की भावना लाने के लिए विभिन्न योजनाओं पर कार्य किया जाता है। विगत कई वर्षों से नए वर्ष के अवसर पर 1 जनवरी को भव्य रुप से तिरंगा यात्रा निकाला जाता है। फ्रेंडशिप डे पर कक्षा 9वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों को वृद्धाश्रम ले जाया जाता है, ताकि बच्चे, बुजुर्गों से दोस्ती कर सकें। इस प्रकार से उन्हें बुजुर्गों का सम्मान एवं मौलिक कर्तव्य समझाए जाते हैं। इस वर्ष विद्यालय परिसर में स्वच्छता पर कार्य किया जाएगा, जिससे बच्चे अपने आसपास सफाई का माहौल बनाएं। इस दौरान प्रत्येक शनिवार बच्चों को स्कूल की छुट्टी होने से पूर्व 10 मिनट में अपने कक्षा को साफ करने का अवसर दिया जाएगा और बेहतर प्रदर्शन करने वाले दो कक्षाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### सप्तांहत में प्रश्न-उत्तर कक्षा का संचालन

संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्राचार्य मनीष गोवर्धन और शिक्षिका अपर्णा ने बताया, प्रत्येक वर्ष छात्रों के लिए नई योजना बनाई जाती है। शनिवार को बैगलेस डे पर प्रश्न-उत्तर कक्षा चलाई जाती है, जिसमें बच्चे अपनी इच्छानुसार प्रश्न करते हैं। आर्ट एंड क्राफ्ट भी सिखाया जाता है। गायत्री मंत्र, गणेश वंदना, महामृत्युंजय मंत्र को बच्चों की दिनचर्या में शामिल किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष विद्यालय के छात्रों को अनाथआश्रम व वृद्धाश्रम ले जाया जाता है।

### कपड़े व खिलौने का वितरण

किंडर वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की प्राचार्य ऋचा शर्मा ने बताया, स्कूल में छात्रों के लिए प्रत्येक माह विशेष डे मनाया जाता है। जिसमें विभिन्न थीम का चयन कर कार्य किया जाता है। प्रत्येक वर्ष छात्रों द्वारा कपड़ों और खिलौनों का वितरण आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को किया जाता है। इस दौरान विद्यार्थियों को भी शामिल किया जाता है, जिससे उन्हें सामाजिक गतिविधियों में जोड़ा जाता है।

### व्यक्तित्व विकास पर जोर

*श्री बालाजी विद्या मंदिर स्कूल के प्राचार्य जी.स्वामी ने बताया, विद्यालय में छात्रों के व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया जाता है। जिसमें धार्मिक ज्ञान, संस्कृति, संस्कार, सामाजिक कार्यों को शामिल किया गया है। छात्रों को विशेष रुप से विष्णु परायणम का ज्ञान दिया जाता है।*

### वृक्षारोपण के लिए प्रेरणा

दानी गर्ल्स स्कूल के प्राचार्य डॉ.हितेश कुमार दीवान ने बताया, वर्तमान में छात्रों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार को योग, प्राणायाम सहित विभिन्न एक्टिविटी कराई जाती है। इस वर्ष सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाली समस्या, बिजली एवं जल की बचत सहित स्वच्छता संबंधित गतिविधियां कराई जाएंगी।

### प्रत्यके वर्ष ब्लाइंड स्कूल विजिट

सरोना स्थित केपीएस स्कूल की प्राचार्य अर्चना मिश्रा ने बताया, विद्यार्थियों में कौशल विकास के लिए कक्षा संचालित की जाती है। सप्ताह में दो दिन लाइफ स्किल क्लास संचालित की जाती है, जिसमें छात्रों को व्यवहार, बातचीत का तरीका सिखाया जाता है। साथ ही ठंड के मौसम में कपड़े व किताब का वितरण जरुरतमंद को किया जाता है। इस दौरान परिजन वितरण के लिए कपड़े भेजते हैं। साथ ही विद्यालय के छात्रों को ब्लाइंड स्कूल में विजिट कराया जाता है और उनकी दिनचर्या व कार्यों को बताया जाता है।

### हाउस लंच का आयोजन

देशबंधु स्कूल की शिक्षिका चारु शीला देव ने बताया, प्रत्येक वर्ष विद्यालय में एक दिन हाउस लंच का आयोजन किया जाता है। इस दिन सभी छात्र अपने घर से खाना लाते हैं, जिसे पंगत बनाकर खाया व परोसा जाता है। इस कार्यक्रम का प्रबंधन ग्यारवीं और बारहवीं के छात्रों द्वारा किया जाता है।

### एकता एवं सामूहिक गतिविधियों पर जोर

विधानसभा रोड स्थित ज्ञान गंगा स्कूल के शिक्षक सतीश ने बताया, स्कूल के प्रारंभ में ग्रुप में बच्चों का विभाजन किया जाता है। जिसमें प्रत्येक सप्ताह किसी एक ग्रुप के विद्यार्थी नई एक्टिविटी करते हैं। इस प्रकार छात्रों में एकता एवं सामूहिक रुप से कार्य करने की समझ स्थापित होती है।

### दे रहे पंचांग की जानकारी

सरस्वती विहार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालिका-बालक के शिक्षक नेतराम शर्मा ने बताया, सप्ताह के प्रत्येक दिन विद्यालय परिसर में नई एक्टिविटी कराई जाती है। इसमें सोमवार और बुधवार को मानस प्रसंग, मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा किया जाता है। साथ ही बच्चों को प्रत्येक दिन के पंचांग की जानकारी दी जाती है। शनिवार को योग एवं शारीरिक व्यायाम कराया जाता है। कई तरह की स्तुतियां भी कराई जाती हैं।

---

# नेक लक्ष्य से सार्थक बनता है विद्यार्थी जीवन, महापुरूषों से लें प्रेरणा



**रायपुर।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने होनहार बच्चों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें अलग-अलग विद्यालय, महाविद्यालय व विश्वविद्यालय के छात्र शामिल रहे। समान समारोह में खेल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पदक प्राप्त करने वाले विद्याथियो को सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकंत व मुख्य अतिथि के रूप में जोफ़ मसाले के फाउंडर आकाश अग्रवाल मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए अपना अनुभव बताया और विधार्थियों को स्वालंबन की प्रेरणा दी। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों वो एक नेक लक्ष्य और सफलता के साथ-साथ सार्थक विद्यार्थी जीवन कैसे हो, यह बताया। रानी दुर्गावती, स्वामी विवेकानंद सहित अनेक महानुभावों की जीवनी बताते हुए उनके जैसा बनने के लिए प्रेरित किया।

# स्काउट-गाइड कार्यकारणी ने साझा की योजनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्काउट-गाइड फैलोशिप की जनरल असेंबली की बैठक बाल आश्रम डागा कॉलेज में रखी गई। इस बैठक में पूर्व कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। गत वर्षों की जानकारी अध्यक्ष द्वारा दी गई। कार्यक्रम में स्काउट-गाइड फेलोशिप के संरक्षक व पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा, डॉ.सुरेश शुक्ला, डॉ.सोमनाथ यादव, प्रेमप्रकाश शर्मा, सुनील तिवारी सहित अन्य शामिल रहे। पूर्व उपलब्धियों के साथ आगामी योजनाएं भी साझा की गईं।

---



**राष्ट्रीय सम्मेजन में 'गप्पा' और 'प्रेक्षकांनी क्षमा करावी' का मंचन**

# कलाकार लें अनुशासनबद्ध तालीम रंगमंच के लिए समयबद्धता जरुरी

**रायपुर।** 65 वर्षीय महाराष्ट्र नाट्य मंडल में दो मराठी नाटकों 'गप्पा' और 'प्रेक्षकांनी क्षमा करावी' का मंचन किया जाएगा। सचिव प्रसन्न निमोणकर ने बताया कि गप्पा (गपबाजी) और प्रेक्षकांनी क्षमा करावी (दर्शक क्षमा करें) का मंचन यथासंभव गणेशोत्सव से पहले महाराष्ट्र मंडल में संत ज्ञानेश्वर सभागृह में किया जाएगा। गणेशोत्सव में दोनों ही नाटकों का पुनर्मंचन भी किए जाने की योजना है। नाट्य मंडल की अध्यक्ष डॉ. अभया जोगलेकर ने रंगसाधकों को प्रोत्साहित करते हुए कहा, जिन कलाकारों ने नाटकों के सफल मंचन की जिम्मेदारी ली है, उन्हें अनुशासनबद्ध तालीम करनी चाहिए। इसके लिए नियमितता और समयबद्धता पर विशेष जोर देने की जरूरत है।

### दिसंबर-जनवरी में होगा राष्ट्रीय सम्मेलन

नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले ने कहा, महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में दिसंबर-जनवरी में बृहन्न महाराष्ट्र मंडल का राष्ट्रीय सम्मेलन प्रस्तावित है। इसमें देशभर के महाराष्ट्र मंडलों के सैकड़ों प्रतिनिधि शामिल होंगे। हमारी कोशिश है कि इस सम्मेलन में महाराष्ट्र नाट्य मंडल के नाटकों का मंचन हो, ताकि महाराष्ट्र नाट्य मंडल को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा मिल सके।

### 30 जुलाई को होंगे आम चुनाव

महाराष्ट्र नाट्य मंडल के आम चुनाव 30 जुलाई की शाम 7 बजे होंगे। सर्वसम्मति से लिए गए इस निर्णय के साथ ही महाराष्ट्र मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर निष्पक्ष और निर्विवाद चुनाव संपन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपर्णा कालेले, दिलीप लांबे, वनजा भावे, रंजन मोडक, भगीरथ कालेले, प्रिया बक्षी, गौरी क्षीरसागर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

**विरागमुनि ने भक्तों को समझाया दान का अर्थ, कहा- किसी लालच से ना करें दान**

# दानपेटी में 500 रुपए डालकर भगवान से करोड़पति बनने की कामना करना रिश्वत के समान, दान का अर्थ धन का त्याग

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** भैरव सोसायटी में मंगलवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि के श्रीमुख से बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। उन्होंने कहा कि जो हमें भौतिक प्रतिकूलता देता है, वही हमें अच्छा लगता है। जैसे कि आसपास के लोग हमें शत्रु लगते हैं पर वास्तविक शत्रु तो हमारे अंदर के राग और द्वेष हैं, हमें इन्हें पहचानने की आवश्यकता है। पहचाना ही नहीं हमें इन्हें खत्म भी करना है, उनका त्याग करना है। उन्होंने कहा कि लोग आज बड़ी मात्रा में दान देते हैं। मंदिरों में दान देते हैं। भूखे को खाना खिलाने के लिए दान देते हैं, लेकिन यह दान वे रिश्वत के रूप में देते हैं ताकि कुछ हजार रुपए दान करके वे लखपति बन जाएं। इसी कामना के साथ आज भगवान के नाम पर लोग खूब पैसे देते हैं। दान का मतलब होता है, धन त्याग करना या किसी धार्मिक एवं सामाजिक कार्य के लिए धन देना। धन देखते ही ऐसा लगे कि यहां दुख का कारण है और उस धन को लोगों की भलाई के काम में लगा दे, वह असली दान है। जबकि वर्तमान में जबकि ऐसा नहीं है, लोग दानपेटी में 500 रुपए डालकर भगवान से लखपति बनाने की कामना करते हैं। यह भगवान को रिश्वत देने के समान है।



### हर सोच से बंधता है कर्म, इसे छुड़ाने धर्म करें

*मुनिश्री ने आगे कहा कि अगर आपको कोई एक लाख रुपए दान देने की बात कहे या उसके बदले में एक दिन उपवास करने की बात हो तो आप एक दिन का उपवास कर लोगे, लेकिन लाख रुपए नहीं दोगे। परंतु दान धर्म और शील धर्म दोनों अलग हैं। आपको धर्म से ही पुण्य मिलेगा। कोई शक्तिशाली व्यक्ति आपके पैसे खा गया तो आप उसे सामने तो कुछ नहीं कह पा रहे हो, लेकिन अंदर ही अंदर यह सोच रहे हो कि मौका आने पर बदला लिया जाएगा तो आप हर सोच में कर्म बांध रहे हो। आपको इसे सहन करना होगा और कर्म छुड़ाने के लिए धर्म करना होगा।*

### कहानी सुनाकर बताया पाप पुण्य में फर्क

उन्होंने कथा सुनाते हुए कहा, एक बार की बात है। एक व्यापारी लकड़ी का सामान बनाता था। लकड़ी पर नक्काशी कर वह उन्हें बेचकर खूब मुनाफा कमाता था। अपने गुरू को उन्होंने एक दिन यह बात बताई कि गुरूजी आपकी कृपा से मेरा व्यापार बढ़यि चल रहा है और अब जीवन अच्छा चल रहा है। गुरू ने तुरंत उसे यह काम बंद करने को कहा और बताया कि लकड़ी की नक्कासी करना न्यायोचित कार्य नहीं है, उससे पाप लगता है। उसने तुरंत अपना काम बंद कर दिया और पूरा कारोबार अपने पार्टनर को सौंपते हुए कहा कि अगर व्यापार से मुनाफा होने वाले पैसे भी तुम मुझे नहीं दोगे तो भी चलेगा। एक बार बड़ा मुनाफा हुआ और पार्टनर ने आकर उससे कहा कि मुनाफा बहुत बड़ा हुआ है, तुम गुडविल के 80 लाख रूपए ले लो तो उसने कहा कि यह पैसे भी तुम रख लो, क्योंकि मैंने अगर यह पैसे तुमसे ले लिए तो जैसे-जैसे व्यापार बढ़ता रहेगा, वैसे-वैसे मुझ पर पाप भी चढ़ता रहेगा। इस तरह से गलत तरीके से हुआ मुनाफा कितना भी बड़ा क्यों ना हो, उसके प्रलोभन से सदैव दूर रहना चाहिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीएससीएस का अंडर-23 मेंस सलेक्शन ट्रायल शुरू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ (सीएससीएस) की ओर से मेंस अंडर-23 सलेक्शन ट्रायल मंगलवार से शुरू हुआ। 12 जुलाई तक शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्डेडियम में यह चयन प्रक्रिया जारी रहेगी। पहले दिन ट्रायल में दंतेवाडा, बस्तर, कांकेर, महासमुंद तथा रायपुर जिले के कुल 85 अंडर-23 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। 10 जुलाई को नारायणपुर, धमतरी, बीएसपी, दुर्ग एवं रायगढ जिलों के खिलाडी ट्रायल में भाग लेगें।

### टेबल टेनिस में हर वर्ग ने दिखाया दमखम




**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में 05 से 07 जुलाई तक आयोजित रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता (सीनियर/जूनियर/कैडेट) में खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। तीन दिनों तक चली इस प्रतियोगिता में सभी वर्गों को मिलाकर कुल 95 प्रविष्टियां आयी थी। जिसमें खेले गये सभी वर्गों के अंतिम सुपर लीग मुकाबले में सीनियर पुरुष एकल वर्ग में प्रणय चौहान, सीनियर महिला एकल वर्ग में सुरभि मोदी, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एकल वर्ग में अर्जुन मल्होत्रा,यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका एकल वर्ग में आरना खोटेले एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल वर्ग में कवीश काला, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका वर्ग में समाया पांडे विजेता बने। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सह सचिव विमल नायर थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ की सह सचिव वृंदा ताम्बे ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक प्रणय मजुमदार उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सभी वर्गों के सुपर लीग के अंतिम परिणामों में सीनियर पुरुष वर्ग में विजेता-प्रणय चौहान, उपविजेता- ऋषभ नागवानी 3-2 तृतीय-लोकेश जांगड़े सीनियर महिला वर्ग विजेता-सुरभि मोदी, उपविजेता-समाया पांडे 3-0 तृतीय-आरना खोटेले, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक वर्ग में विजेता - अर्जुन मल्होत्रा, उपविजेता-सिद्धा धुपड़ 3-0 तृतीय-यशवंत डेकाटे, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका वर्ग विजेता- आरना खोटेले, उपविजेता - समाया पांडे, तृतीय-चहक कटारिया यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक वर्ग- विजेता- कवीश काला, उपविजेता -आरुष नथानी 3-0, तृतीय-अभिनव पीटर, यूथ अंडर -13 (कैडेट) बालिका वर्ग में विजेता - समाया पांडे, उपविजेता- वेदी कछवाहा 3-0 तृतीय-लावण्या पांडे शामिल हैं। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक प्रणय मजुमदार एवं सहायक निर्णायक अजीत बेनर्जी, अरुण बावरिया थे। इस अवसर पर डा. राहुल धुपड़, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे, सुशांत बोरवनकर, प्रियंक पांडे, सागर घाटगे, एन.आई.एस. कोच अशफाक, रितेश मल्होत्रा, नागेश्वर साहू अंजना चौहान एवं अन्य सदस्यगण, खिलाडीगण, पालकगण उपस्थित थे।

### रायपुर की सात वेटलिफ्टर करेंगी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व



**रायपुर।** रायपुर जिले की 7 महिला वेटलिफ्टरो का चयन छत्तीसगढ़ टीम में खेलो इंडिया वूमेंस लीग वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 10 जुलाई से 14 जुलाई तक भुवनेश्वर ओडिशा में होना है। चयनित खिलाड़ियों में विधि साहू, प्राजंलि तिवारी, अनामिका साहू, लोकेश्वरी साहू, प्रीतु साहू, मेघा पाल दिव्या सिंह एवं कोच अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रुस्तम सारंग (एनआईएस) एवं पंकज शुक्ला (एनआईएस) शामिल है। सभी चयनित खिलाड़ियों को रायपुर जिला संघ के संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव,राजेंद्र सिंह यादव, बुधराम सारंग,अध्यक्ष राधे श्याम साहू, उपाध्यक्ष संघरत्न गेडाम, कोषाध्यक्ष अजयदीप सारंग, नवीन देवदास, सुनील लहरे और ललित राहंगडाले ने शुभकामनाएं दी है।

बदलती जीवन शैली के चलते खान-पान पर विशेष ध्यान देना जरूरी

# ज्यादा मीठा आपकी आंखों को पहुंचा सकता है नुकसान, हमेशा रहें सावधान

आहार में जिन दो चीजों की अधिकता को सेहत के लिए सबसे हानिकारक माना जाता रहा है वह है चीनी और नमक। ज्यादा नमक वाली चीजों के कारण ब्लड प्रेशर और हार्ट से संबंधित समस्याओं का जोखिम रहता है, वहीं चीनी के कारण डायबिटीज सहित कई अन्य क्रोनिक बीमारियों का खतरा रहता है। पर क्या आप जानते हैं कि ज्यादा चीनी वाली चीजें खाने से आपकी आंखों पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, चीनी खाने से डायबिटीज का जोखिम होता है, इस बारे में खूब चर्चा भी की जाती रही है। इससे आंखों जैसे संवेदनशील अंग भी बुरी तरह से प्रभावित हो सकते हैं, इसपर ध्यान नहीं दिया जाता है। इतना ही नहीं मीठी चीजों के अधिक सेवन के कारण आपकी आंखों की रोशनी भी जा सकती है।



## अधिक मात्रा में चीनी का सेवन हो सकता है हानिकारक

स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, हम में से अधिकतर लोग रोजाना तय मात्रा से अधिक चीनी का सेवन कर रहे हैं। औसत अमेरिकी प्रति वर्ष 61 पाउंड (27 किलोग्राम) तक प्रोसेस्ड चीनी का सेवन कर रहा है। अधिक मात्रा में चीनी आपके समग्र स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है, जिसमें आपकी आंखें भी शामिल हैं। अध्ययनों में भी चीनी को कई गंभीर नेत्र स्थितियों और बीमारियों से जोड़ा गया है। चीनी के अधिक सेवन के कारण ब्लड शुगर बढ़ने लगता है जो आंखों की तंत्रिकाओं को क्षति पहुंचाने के साथ इंफ्लामेशन के खतरे को भी बढ़ा देती है जिससे आंखों से संबंधित कई तरह की बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है।

## ज्यादा चीनी से डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा

कई अध्ययनों में वैज्ञानिकों ने स्पष्ट किया है कि ज्यादा चीनी (सफेद चीनी, मीठे पेय-खाद्य पदार्थ) समय के साथ डायबिटिक रेटिनोपैथी का खतरा बढ़ा देती है। डायबिटिक रेटिनोपैथी टाइप-1 और टाइप-2 दोनों ही डायबिटीज वाले लोगों में होने वाली जटिलता है। अगर इसका इलाज न किया जाए या शुगर का स्तर अक्सर अनियंत्रित बना रहता है तो यह आंखों की रोशनी कम होना या अंधेपन का कारण बन सकती है। डायबिटिक रेटिनोपैथी में खून में शुगर का स्तर बढ़ने के कारण रेटिना में नाजुक छोटी रक्त वाहिकाओं को नुकसान पहुंचने लगता है। कुछ लोगों में इसके कारण आंख के अंदर रक्तस्राव और निशान भी पड़ जाते हैं।



## ग्लूकोमा के हो सकते हैं शिकार

ज्यादा चीनी खाने वालों में आंखों से संबंधित एक अन्य बीमारी- ग्लूकोमा का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। उच्च रक्त शर्करा और इंसुलिन के अनियंत्रित स्तर के कारण आंखों की रक्त वाहिकाएं संकरी हो सकती हैं और जिससे तरल पदार्थ का निर्माण भी होने लगता है। अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो इसके परिणामस्वरूप ग्लूकोमा होने का खतरा भी बढ़ जाता है। ग्लूकोमा की स्थिति में आंखों में बनने वाला तरल पदार्थ अंदरूनी हिस्से में दबाव बढ़ाने लगाता है›

# भूख लगने पर झटपट बनाएं ये पकवान

आपको तेज भूख लगी है। आप घर से दूर अकेले रहते हैं और खाना बनाने का मन नहीं है, तो हम आपको कुछ ऐसे पकवानों के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें आप झटपट तैयार कर सकते हैं। ये पकवान खाकर आपके पेट के साथ मन भी खुश हो जाएगा।

## वेज सैंडविच

आज के समय में ज्यादातर घरों में ब्रेड तो रखा ही होता है। ऐसे में आप आसानी से अपनी मनपसंद सब्जियों को काटकर उससे वेज सैंडविच तैयार कर सकते हैं। अगर आपका मन है तो इसे सेंक लें, वरना आप इसे ऐसे भी खा सकते हैं। वेज सैंडविच बिना सिके खाने में भी स्वादिष्ट लगता है।

## कटलेट

फ्रिज में अगर उबले हुए आलू रखें है तो आप आसानी से कटलेट तैयार कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस आलुओं को मैश करना है। इनमें मसालों को मिक्स करके आपको बस इसमें सूजी मिलानी है और इसे तवे पर हल्के तेल में सेक लेना है। आप चाहें तो इसे तल भी सकते हैं। इसे चटनी के साथ गर्मागर्म खाएं।

## स्प्राउट्स

अगर आपका खाना खाने का मन नहीं है तो 5-6 घंटे पहले चने को पानी में भिगो कर रख दें। इसको आप स्प्राउट्स की तरह तैयार करके खा सकते हैं। इसमें प्याज, टमाटर, खीरा, हरी मिर्च और नींबू का रस डालकर आप इसका स्वाद बढ़ा सकते हैं।

## साबुदाना खिचड़ी

अगर खाना बनाने का मन नहीं है लेकिन कुछ हैवी भी खाना है तो आप साबुदाना खिचड़ी तैयार कर सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान होता है और साबुदाना खिचड़ी खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है। इसे आप हरे धनिए की चटनी के साथ खा सकते हैं।



# देवशयनी एकादशी पर करें तुलसी से जुड़े उपाय, मां लक्ष्मी की होती है विशेष कृपा



देवशयनी एकादशी, जो कि आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पड़ती है, भगवान विष्णु के शयनकाल का प्रारंभ दिवस माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में शयन करते हैं और चार महीने के बाद कार्तिक मास की प्रबोधिनी एकादशी को जागते हैं। इस साल 17 जुलाई 2024, बुधवार के दिन देवशयनी एकादशी पड़ रही है।

## दीपक जलाएं

देवशयनी एकादशी के दिन माता तुलसी की पूजा करते समय दीपक जरूर जलाएं, साथ ही भगवान विष्णु के मंत्रों का जाप करें।

## 11 बार परिक्रमा करें


हिंदू धर्म में पूजा करते समय परिक्रमा का बहुत महत्व होता है। ऐसे में तुलसी माता के पूजा के दौरान देवशयनी एकादशी के दिन तुलसी माता का कम से कम 11 बार परिक्रमा जरूर करें। परिक्रमा करते समय ₹ॐ नमो नारायणाय₹ या ₹लक्ष्मी नारायणाय नमः₹ मंत्र का जाप करें।

## पूजा में तुलसी का पत्ता जरूर डालें

देवशयनी एकादशी के दिन विधि विधान से भगवान विष्णु की पूजा करें, और भोग में तुलसी का पत्ता डालना न भूलें। मान्यताओं के अनुसार इससे हर मनोकामना पूरी होती है।

## माता तुलसी को लाल चुनर चढ़ाएं

मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म में देवी माता का पूजा करते समय लाल चुनर चढ़ाना शुभ माना जाता है। इसलिए पूजा करते समय माता तुलसी को लाल चुनरी जरूर बांधें। इससे वैवाहिक जीवन में आ रही परेशानी दूर होंगी और रिश्तों में मिठास आएगी।



# बच्चे की याददाश्त होगी तेज, करवाएं ये योगासन

इन दिनों अधिकतर अभिभावक अपने बच्चों की पढ़ाई, उनके परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन और अच्छे परीक्षा परिणाम को लेकर चिंतित रहते है। समस्या ये है कि बच्चा घंटों पढ़ता है लेकिन उसे कुछ याद ही नहीं रहता या रिविजन के समय तो उसे सब याद रहता है लेकिन जब उसे टेस्ट किया जाता है या परीक्षा में लिखते समय वह रटा रटाया भी भूल जाता है। इस तरह की समस्या आपके बच्चे को भी है तो परेशान न हों। पढ़ने वाले बच्चों को नियमित योगाभ्यास करना चाहिए। कई योग याददाश्त बढ़ाने में सहायक हैं, साथ ही एकाग्रता, पढ़ाई में फोकस करने में भी मदद करते हैं। यहां बच्चों के लिए कुछ योगासन बताए जा रहे हैं जो परीक्षा के दौरान उन्हें फ्रेश, फोकस्ड रखेंगे साथ ही याददाश्त भी बढ़ाएंगे।



## पद्मासन


इस आसन को कमल मुद्रासन भी कहा जाता है। इस आसन के अभ्यास से मांसपेशियों का तनाव कम और दिमाग शांत रहता है। एक्टिव रहने के साथ ही दिमाग की सेहत में भी सुधार होता है। इस आसन से बच्चे को एक जगह ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है। पद्मासन के लिए पालती मारकर बैठ जाएं और दोनों हाथों को घुटने पर रखकर आंखें बंद कर लें।

## सर्वांगासन

एकाग्रता और फोकस में सुधार लाने के लिए नियमित सर्वांगासन का अभ्यास करना चाहिए। यह आसन शरीर के सभी चक्रों और अंगों को संलग्न करता है। दिमाग को शक्ति देने और स्वस्थ रखने के लिए इस योग का नियमित अभ्यास कर सकते हैं। सर्वांगासन दिमाग में ब्लड सर्कुलेशन को सुचारू रखता है और याददश्त बढ़ाने में लाभकारी है। इस आसन को करने के लिए सिर के बल खड़ा होना होता है, धीरे धीरे ही इसकी प्रैक्टिस बच्चों से करानी चाहिए।

## वज्रासन

वज्रासन योग के अभ्यास के लिए घुटने पीछे की ओर मोड़कर बैठ जाएं। दोनों हाथ घुटने पर रखकर आंख बंद करके मन को शांत रखते हुए यह आसन करें। इस आसन से तनाव और गुस्सा कंट्रोल में रहता है। साथ ही मन शांत और एकाग्र रहता है।



# शादी के बाद जरूरत है एक दूसरे के 'ग्रीन फ्लैग' बनने की, जानिए संकेत

आजकल सोशल मीडिया पर भारतीय क्रिकेट टीम के धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो टी 20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद वीडियो कॉल करते नजर आ रहे हैं। वो अक्सर स्टेडियम के ग्राउंड पर मैच के बाद अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा को वीडियो कॉल करते दिखाई देते हैं। ऐसे में लोग उन्हें ग्रीन फ्लैग पार्टनर कहते हैं। हर लड़की उन्हीं के जैसा पार्टनर पाने की चाह रखती है। आपको बता दें कि रिश्ते में ग्रीन फ्लैग एक तरह का पॉजिटिव संकेत होता है जो ये बात बताता है कि आपका आप सही व्यक्ति के साथ रिलेशनशिप में हैं।

## यदि पार्टनर देता है सम्मान

अगर आपका पार्टनर आपका सम्मान करता है तो इसका मतलब साफ है कि वो एक ग्रीन फ्लैग है। ये सम्मान सिर्फ घर से अंदर तक सीमित नहीं होना चाहिए। इस बात पर ध्यान दें कि आपका पार्टनर पब्लिक प्लेस पर आपके साथ कैसा व्यवहार करता है। वो अपने दोस्तों के सामने आपको इज्जत देता है या नहीं। अगर आपका पार्टनर हर किसी के सामने आपको सम्मान देने में कतराता नहीं है, तो मतलब है कि वो एक ग्रीन फ्लैग है।



## करता है सपोर्ट

यदि आपका पार्टनर आपके फैसले को सपोर्ट करता है और उसके लिए अपने परिवार को भी मनाता है तो मतलब है कि वो एक ग्रीन फ्लैग है। पर, अगर पार्टनर आपके फैसलों को नजरअंदाज करके आपपर सिर्फ अपने फैसले थोपता है तो मतलब है वो एक रेड फ्लैग है। ऐसे में आपको एक बार सोचने की जरूरत है।

## कमियों को भी स्वीकारता है

आज के समय में महिलाएं और पुरुष दोनों एक-दूसरे के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते हैं। जरूरी नहीं है कि दोनों एकदम परफेक्ट हों। इसी के चलते अगर आपका पार्टनर आपकी अच्छाईयों के साथ-साथ आपकी कमियों को भी स्वीकारता है तो वो एक ग्रीन फ्लैग है।









## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ग्लेडिएटर 2' भारतीय भाषाओं में भी होगी रिलीज



रिडले स्कॉट की 'ग्लेडिएटर 2' फिल्म 2024 के अंत में मजबूत कलाकारों के साथ बॉक्स ऑफिस पर कदम रखेगी। हाल ही में, 'विकेड' की रिलीज की तारीख को फिर से तय करने से यूनिवर्सल की मूवी म्यूजिकल का मुकाबला 'ग्लेडिएटर 2' से हो गया है, जो 'बार्बी' बनाम 'ओपेनहाइमर' की तरह ही है। 'विकेड 'को पहले 'मोआना 2' के साथ कॉम्पिटिशन करने के लिए तैयार किया गया था ।

मेस्कल और पेड्रो पास्कल दोनों ने आगामी फिल्म के लिए अपनी तैयारी के बारे में बताया है , जिसमें उनके पात्र एक-दूसरे से लड़ते हैं। सीक्वल फिल्म 22 नवंबर 2024 को सिनेमाघरों में आएगी । पॉल मेस्कल मुख्य किरदार लुसियस की भूमिका में होंगे, जो लुसिला कोनी नीलसन का बेटा है। नीलसन पहली फिल्म से अपनी भूमिका को फिर से निभाएंगे। पेड्रो पास्कल जनरल मार्कस एकेसियस की भूमिका निभाएंगे। जोसेफ क्विन सम्राट गेटा की भूमिका में हैं और फ्रेड हेचिंगर सम्राट कैराकल्ला की भूमिका में हैं। बता दें कि ग्लेडिएटर 2 भारत में 15 नवंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में 4डीएक्स और आईमैक्स में रिलीज होगी। आज फिल्म के ट्रेलर का सभी को बेसब्री से इंतजार है। वैनिटी फेयर के अनुसार, डेनजेल वाशिंगटन मैक्रिनस नामक एक पावर ब्रोकर की भूमिका में हैं। लियोर रज और डेरेक जैकोबी भी अभिनय करेंगे। लुसियस (पॉल मेस्कल) अपने परिवार के साथ नुमिडिया में शांतिपूर्वक रहता है, लेकिन जनरल मार्कस अकासियस (पेड्रो पास्कल) के शहर पर आक्रमण के कारण लुसियस को गुलामी में रहना पड़ता है।

### टॉलीवुड

## 'कंगुवा' की रिलीज से पहले सीक्वल बनाने का हुआ खुलासा, फैंस उत्साहित



तमिल सुपरस्टार सूर्या की 'कंगुवा' साल 2024 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इसमें सूर्या के साथ बॉबी देओल और दिशा पाटनी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसी बीच फिल्म की व्यापक रिलीज से कुछ महीने पहले ही स्टूडियो ग्रीन के निर्माता ज्ञानवेल राजा ने प्रशंसकों को बड़ा तोहफा दे दिया है। ज्ञानवेल राजा ने फिल्म को फ्रेंचाइजी में बदलने का खुलासा किया है। आइए इसके सीक्वल से जुड़े अहम अपडेट पर गौर फरमा लेते हैं- 'कंगुवा' का सीक्वल बनेगा और इसका निर्माण जल्द ही शुरू होगा। ज्ञानवेल राजा ने पुष्टि की कि 'कंगुवा' के दूसरे भाग का प्रोडक्शन साल 2026 में शुरू होगा। कुछ दशक पहले फिल्मों को दो हिस्सों में रिलीज करना भारतीय फिल्मों के लिए अव्यवहारिक माना जाता था। हालांकि, फिल्म निर्माता एसएस राजामौली ने अपनी 'बाहुबली' सीरीज के साथ उस धारणा को चुनौती दी, जिससे फिल्म निर्माताओं को बड़ी कहानियों का सपना देखने और उन्हें किश्तों में बताने के लिए प्रेरणा मिली। तत्काल सीक्वल की क्षमता वाले मूवी विचार अब मांग में हैं।

'कंगुवा' को शुरू में सिर्फ एक फिल्म बताया गया था। हालांकि, ऐसा लगता है कि निर्माताओं के पास इसके यूनिवर्स का विस्तार करने और फिल्म की लोकप्रियता को भुनाने की बड़ी योजनाएं थीं। फिलहाल, 'कंगुवा पार्ट 2' के बारे में बहुत कम जानकारी है। प्रोजेक्ट को लीक से बचाने के लिए निर्माता अतिरिक्त सतर्क रहे हैं।

### भोजपुरी

## ''बहु हो तो ऐसी'' देगी विशुद्ध पारिवारिक मनोरंजन



हाल ही में उदय फिल्म एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी भोजपुरी फिल्म ''पांच बेटियां'' में अपना अभिनय का जलवा बिखेर चुके सूर्या शर्मा इन दिनों इसी बैनर तले बन रही भोजपुरी पारिवारिक फिल्म ''बहु हो तो ऐसी'' की शूटिंग बिहार के गोपालगंज में कर रहे हैं। इससे पहले भी कई भोजपुरी फिल्मों में अपना जलवा बिखेर चुके हैं जी हां कुछ ही माह पूर्व बेहतरीन अदाकारा आम्रपाली दुबे के साथ मे स्क्रीन शेयर किया था, इनकी कई सारी फिल्में रिलीजिंग पर है जो जल्द ही सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। अपने बेहतरीन अभिनय से उदय फ़िल्मि एंटरटेनमेंट के निर्माता अमरनाथ वर्मा ने सूर्या शर्मा के साथ अपने बैनर से आने वाली सभी फिल्मों के लिए अनुबंधित किया है। इस फ़िल्मि के निर्माता अमरनाथ वर्मा हैं। फ़िल्मि के लेख़क- निर्देशक अमिताभ कुमार हैं। डीओपी जानू बागोरिया हैं। वहीं मधुर संगीत पवन यादव ने दिया है कर्णप्रिय गीतों को जाहिद अख्तर, राजेश मिश्रा, राहुल यादव ने लिखा है। डांस मास्टर विवेक थापा हैं । लाइन प्रोड्यूसर मोहम्मद अजहरुद्दीन है। मेकअप डीके दीपक दिलदार का है और हेयर डिज़ाइनर सोनी शुक्ला है।

## क्लासिक फैशन

अलेक्जेंडर मैकक्वीन के डिलीवरेंस कलेक्शन की तरह कुछ ही शो यादगार बन पाते हैं। सिडनी पोलाक की 1969 की क्लासिक ''दे शूट हॉर्स, डोंट दे?'' पर आधारित यह क्लासिक लुक सभी को भा गया। इसमें गरीबी में पले-बढ़े युवा नर्तकों की कहानी को मैकक्वीन ने एक समर्पित भाव से प्रस्तुत किया। इसका समापन बेजान हालत में कैरेन एलसन का एक फटी हुई पोशाक में मंच पर जाने के साथ हुआ। इसे समकालीन कोरियोग्राफर माइकल क्लार्क ने संयोजित किया था।

लाइफ स्टाइल



## इंस्टेंट ग्लो के लिए इन्हें करें इस्तेमाल



अगर आप घर बैठे ही अपनी त्वचा को चमकाना चाहते हैं तो बिना पैसे खर्च किए घर पर रखी कुछ चीजों का इस्तेमाल करके निखरती त्वचा पा सकते हैं। जिन चीजों का इस्तेमाल हम आपको बताने जा रहे हैं, वो हर घर में आपको आसानी से मिल जाएंगी।

**दही:** अगर आप अपने चेहरे पर इंस्टेंट ग्लो लाना चाहते हैं तो उसमें दही आपकी मदद कर सकता है। दही के इस्तेमाल से आपकी त्वचा खिल उठेगी। इसमें मौजूद लैक्टिक एसिड न सिर्फ त्वचा को हाइड्रेट रखने में मदद करता है बल्कि साथ ही में डेड स्किन को भी हटाता है। जिससे त्वचा खिल उठती है।

**बेसन:** शायद ही कोई घर ऐसा होगा, जिसमें बेसन आपको न मिले। इंस्टेंट ग्लो के लिए बेसन का फेसपैक बनाकर आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको बेसन में आधा चम्मच दही और नींबू का रस मिलाना है और इसे अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाना है। इस पैक को अपनी गर्दन से लेकर चेहरे तक पर सही से लगाएं। इसके बाद ठंडे पानी से चेहरा धो लें। इससे भी आपका चेहरा खिल उठेगा।

**केला:** इस टिप के बारे में आपको शायद न पता हो कि केले के इस्तेमाल से भी आपनी त्वचा को दमका सकते हैं। इसके लिए बस पके केले को सही से मैश करके इसका पेस्ट बनाएं और फिर उसे अपनी त्वचा पर लगाएं। इससे आपकी त्वचा को न सिर्फ पोषण मिलेगा, बल्कि इससे त्वचा खिल भी उठेगी।

**हल्दी:** हर घर में हल्दी तो होती है। हल्दी में मौजूद तत्व त्वचा को बैक्टीरिया से दूर रखते हैं। इसे आप सीधा चेहरे पर नहीं लगा सकते। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़े चम्मच दूध में आधा चम्मच शहद लें। फिर इसे सही से मिक्स करके चेहरे और गर्दन पर 15 मिनट के लिए सही से लगाएं।

## स्टाइलिश दिखने के साथ बारिश के दिनों में पहनें ऐसे कपड़े




स्टाइलिश दिखना आसान नहीं होता है बल्कि इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की सभी चीजों की जानकारी के साथ अपने लुक को स्टाइल करना होता है। वहीं क्या आप जानती हैं कि लेटेस्ट फैशन के साथ-साथ आपको मौसम के हिसाब से भी कपड़े चुनने चाहिए ताकि आपका लुक अप-टू-डेट नजर आए।

**ब्राइट कलर चुनें:** आजकल ब्राइट कलर काफी पसंद किए जा रहे हैं। बता दें कि बारिश में इस तरह के कलर पहनने से गर्मी कम लगती है और चेहरा खिला हुआ नजर आता है। इस खूबसूरत आउटफिट को डिजाइनर अर्पिता मेहता ने डिजाइन किया है। बता दें कि इस तरह की मिलती-जुलती आउटफिट आपको मार्केट में करीब 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये में असानी से मिल जाएगी। इस तरह की आउटफिट के साथ आप मेकअप के लिए ब्लश पिंक कलर को चुन सकती हैं। साथ ही बालों के लिए वेवी ओपन कर्ल्स हेयर स्टाइल को चुनें।



**शिफॉन के आउटफिट:** अगर आप बारिश के मौसम में शिफॉन का कपड़ा पहनेंगे तो आपको काफी आसानी होगी। दरअसल, बारिश में कपड़ा जल्दी सूखता नहीं है, पर अगर आपका आउटफिट शिफॉन फैब्रिक का होगा तो ये थोड़ी सी हवा से भी सूख जाएगा।

**कॉटन:** गर्मी के साथ-साथ कॉटन के कपड़े बारिश के मौसम के लिए भी परफेक्ट होते हैं। सूती कपड़े नमी को सोखने का काम करते हैं। इसके साथ बस परेशानी ये है कि इनको सूखने में शिफॉन से ज्यादा समय लगता है।

**नाइलॉन :** इस फैब्रिक के आउटफिट बारिश में आपको सर्दी से बचा सकते हैं। यह बहुत जल्दी सूखता है। इसको पहनते वक्त बस इस बात का ध्यान रखें कि ये ज्यादा टाइट ना हों, वरना स्किन से जुड़ी परेशानियां सामने आ सकती हैं।

**करें इन रंगों को चुनाव:** बारिश के मौसम में कपड़ों का चयन करते समय रंगों का खास ध्यान रखें। भले ही आपको ब्राइट रंग ना पसंद हों, लेकिन आप बरसात के मौसम में रेड, पिंक, येलो, ग्रीन आदि रंग कैरी कर सकते हैं। ये काफी अच्छे लगते हैं। इसे पहन कर आप स्टाइलिश भी दिखेंगे।

**टाइट कपड़ों से रहें दूर:** बारिश के मौसम में कभी ज्यादा टाइट कपड़े नहीं पहनने चाहिए। भीगने के बाद ये शरीर से चिपक जाते हैं जो काफी अजीब लगते हैं।

## अक्सर मेकअप के वक्त होती हैं ये गलतियां, आप भी जानें

वैसे तो मेकअप करना काफी आसान होता है लेकिन बहुत सी लड़कियां मेकअप करते वक्त कुछ ऐसी गलतियां कर देती हैं, जिससे उनका लुक खराब हो जाता है। ऐसे में हम आपको कुछ ऐसी छोटी-छोटी गलतियों के बारे में बताएंगे, जो अक्सर मेकअप करते वक्त हो जाती हैं। इन बातों का ध्यान रखकर आप अपनी खूबसूरती में चार चांद लगा सकती हैं। इनका ध्यान रखना भी काफी आसान होता है।

### मॉइश्चराइजर जरूर लगाएं

ज्यादातर महिलाएं ये सोचती हैं कि मेकअप से पहले मॉइश्चराइजर इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं होती लेकिन ऐसा नहीं है। अगर आप मेकअप से पहले मॉइश्चराइजर लगाएंगी, तो आपका मेकअप और खूबसूरत तरह से ब्लेंड होगा।

### करें सही फाउंडेशन का चुनाव

अगर आप गलत शेड के फाउंडेशन का इस्तेमाल करेंगी तो इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। हमेशा अपनी स्किन टोन के हिसाब से ही फाउंडेशन खरीदें।



### ना लगाएं लेयर पर लेयर

एक बार मेकअप होने के बाद उसके ऊपर अतिरिक्त लेयर ना लगाएं। इससे आपका लुक बिगड़ सकता है। मेकअप की ज्यादा लेयर होने की वजह से मेकअप में क्रेक पड़ सकता है।

### सही से करें ब्लेंड

ज्यादातर महिलाएं महंगे मेकअप खरीद तो लेती हैं, लेकिन उन्हें मेकअप सही से ब्लेंड करना नहीं आता। ऐसे में मेकअप ब्लेंड करते वक्त इस बात का ध्यान रखें कि इसे ज्यादा घिसे नहीं। इससे मेकअप खराब हो सकता है।

## रात को बालों में तेल लगाने के कई फायदे

बाल हमेशा स्वस्थ रहे इसके लिए महिलाएं बालों की अच्छी तरह केयर करती है। जहां महिलाएं बालों पर कई तरह के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं तो वहीं कई सारे उपाय भी करती हैं। वहीं इन दोनों चीजों का इस्तेमाल करने के बीच बालों पर तेल लगाना भी जरुरी हैं ताकि बालों की अच्छी ग्रोथ और बाल स्वस्थ रहे। वहीं इस आर्टिकल में हम आपको ये बताने जा रहे हैं कि रात के समय बालों पर तेल लगाने के क्या फायदे हैं।

### सिल्की और शाइनी होंगे बाल

रात के समय बालों पर तेल लगाने से बालों को सही तरह से पोषण मिलता है और बाल सिल्की और शाइनी होते हैं। वहीं रात को सोने से पहले बालों पर तेल लगाएं और मसाज करें। बालों पर रात के समय तेल लगाने के बाद सुबह शैंपू करें और इसके बाद कंडीशनर का भी इस्तेमाल करें।

### ड्राईनेस की समस्या होगी दूर

बालों पर रात के समय तेल लगाने से स्कैल्प की ड्राईनेस की समस्या कम हो सकती हैं साथ ही बाल स्वस्थ रहेंगे। वहीं बालो पर तेल लगाने से जहां बालों से जुड़ी समस्य कम होगी तो वहीं खुजली की समस्य से भी बचा जा सकता हैं।



### हेयर ग्रोथ होगी अच्छी

अगर आप रात के समय बालों पर तेल लगाती हैं तो बालों की ग्रोथ अच्छी होती है साथ ही बाल स्वस्थ भी रहते हैं। वहीं बालों को रात के समय टेल लगाए और इनकी अच्छी तरह से मालिश करें।

### इन बातों का रखें ध्यान


बालों पर गर्म तेल न लगाएं बालों पर ज्यादा तेल न लगाएं। सही तेल का करें चुनाव तेल लगाने के बालों को न ढके डैंड्रफ की समस्या होने पर न लगाएं बालों पर तेल न लगाएं।

कार्नर न्यूज

### जिंदगीभर के लिए ढेरों यादें इकट्ठा करने आउटफिट चुनें समझदारी से

## प्री-वेडिंग शूट में बिखेरना है जलवा तो ऐसे आउटफिट पहनकर दें पोज

*हर कपल अपने प्री-वेडिंग शूट को स्पेशल बनाने की तैयारी करता है। इसके लिए वो शूट में पहने जाने वाले आउटफिट तक का चयन बहुत सोच के करते हैं। लड़कों के लिए कपड़ों का चयन करना आसान होता है, परेशानी आती है लड़कियों के सामने। अगर आप अपने प्री वेडिंग शूट के लिए सबसे खूबसूरत आउटफिट पहनना चाहती हैं, तो आइए आपको कुछ ट्रेंडी आउटफिट दिखाते हैं।*



### फ्लोर लेंथ गाउन

प्री वेडिंग के लिए इस तरह का गाउन लड़कियों को ज्यादातर पसंद आता है। ऐसे में आप भी बिना झिझके इसका चयन कर सकते हैं। इस तरह का गाउन पहनते वक्त ध्यान रखें कि आपका मेकअप लाइट ही अच्छा लगेगा। वहीं ये गाउन काफी हैवी होता है, ऐसे में इसके साथ मिनिमल ज्वेलरी ही कैरी करें।

### वेल्वेट गाउन

अगर रात या फिर शाम के समय कहीं शूट करना है तो वेल्वेट फैब्रिक में ऐसा गाउन आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा। शाम के लिए गाउन डार्क रंग का ही लें, ताकि आपका लुक सबसे प्यारा दिखे। इस तरह के गाउन के साथ गले में चोकर पहनें और हाथों में भी कुछ जरूर डालें।



### शॉर्ट ड्रेस

अगर अपने प्री वेंडिग में क्यूट बार्बी लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह की शॉर्ट ड्रेस कैरी कर सकती हैं। इस तरह की ड्रेस के साथ हेयर स्टाइल भी सही से बनाएं और साथ ही ध्यान रखें कि इसके साथ हील्स ही प्यारी लगेंगी।

### शिमरी गाउन

अगर कुछ चमकदार पहनने का सोच रही हैं तो इस तरह का शिमरी गाउन एक बेहतर विकल्प है। ऐसे गाउन के साथ खुले बाल ही खूबसूरत लगते हैं। आप चाहें तो ऐसे गाउन को 80वीं सही के स्टाइल में कैरी कर सकती हैं। ये लुक भी प्री वेंडिग में खूबसूरत दिखेगा।

### मैक्सी ड्रेस

अपने प्री वेंडिग शूट में आप इस तरह की मैक्सी ड्रेस कैरी कर सकती हैं। इसके साथ फुटवियर और हेयर स्टाइल का खास ध्यान रखें। इसे कैरी करते वक्त ध्यान रखें कि इसके साथ हल्का पिंक शेड का मेकअप आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेगा।